## कार्यालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

### ब्लॉक-भीण्डर एवं वल्लभनगर
### (उदयपुर)

Rajasthan Education Department

सत्यमेव जयते

# प्रेरणा

## प्रश्न बैंक

(एक नवाचारी पहल)

# राजनीति विज्ञान

## कक्षा- 12



बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं
संख्यात्मक उन्नयन
हेतु अभिनव कार्ययोजना के तहत् निर्मित

## —मुख्य संरक्षक—

श्री गौरव अग्रवाल IAS

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान

श्रीमती एंजिलिका पलात

संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, उदयपुर

श्री पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उदयपुर

## —संरक्षक—

श्रीमती मोनिका जाखड़

उपखण्ड अधिकारी, भीण्डर

श्री गोविन्द सिंह

उपखण्ड अधिकारी, वल्लभनगर

## —मार्गदर्शक—

श्री महेन्द्र कुमार जैन

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, भीण्डर

श्री अनिल कुमार पोरवाल

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, वल्लभनगर

श्री भैरूलाल सालवी
अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
भीण्डर

श्री रमेश खटीक
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
भीण्डर

श्री गोपाल लाल मेनारिया
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
वल्लभनगर

श्री मुनेश मीणा
संदर्भ व्यक्ति, भीण्डर

श्री ओंकार लाल गोपावत
संदर्भ व्यक्ति, वल्लभनगर

**—: संयोजक :—**

**डॉ. बी. एल. नागदा**

**व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) रा.उ.मा.वि. नवानियां, उदयपुर,**
**मो. न. 9929261164**

—: सहसंयोजक :—

श्री ललित कुमार आमेटा

व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) रा.उ.मा.वि. टूस डांगियान

**—: संकलनकर्त्ता प्राध्यापक :—**

| अध्याय | अध्याय का नाम | प्राध्यापक का नाम | मो. न. | अध्याय | अध्याय का नाम | प्राध्यापक का नाम | मो. न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शीतयुद्व का दौर | डॉ. रूबीना बानो | 7615850514 | 10 | राष्ट्र–निर्माण की चुनौतियाँ | श्री अनिल कुमार शर्मा | 9887985076 |
| 2 | दो–ध्रुवीयता का अंत | श्रीमती धीरज पालीवाल | 9887738010 | 11 | एक दल के प्रभुत्व का दौर | श्रीमती अभिलाषा व्यास | 9413832036 |
| 3 | समकालीन विश्व में अमरीकी वर्चस्व | श्री संजय कुमार उपाध्याय | 9571729496 | 12 | नियोजन विकास की राजनीति | रईस मोहम्मद | 9413317398 |
| 4 | सत्ता के वैकल्पिक केन्द | श्री मदन सालवी | 9413954904 | 13 | भारत के विदेश संबंध | श्री दर्शन कुमार मेनारिया | 9460334937 |
| 5 | समकालीन दक्षिण एशिया | श्री गोवर्धन लाल सालवी | 9929194019 | 14 | कांग्रेस प्रणाली : चुनौतियाँ | श्री रमाकांत स्वर्णकार | 9413103022 |
| 6 | अंतर्राष्ट्रीय संगठन | श्री ललित कुमार आमेटा | 9950984285 | 15 | लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट | श्री मोतीलाल मेघवाल | 9001834879 |
| 7 | समकालीन विश्व में सुरक्षा | श्री लोकेन्द्र सिंह शक्तावत | 9928079994 | 16 | जन आंदोलनों का उदय | श्री राकेश आमेटा | 9928371092 |
| 8 | पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन | श्रीमती रंजना जैन | 9414737964 | 17 | क्षेत्रीय आकांक्षाएँ | श्री शंकर लाल डांगी | 9929619649 |
| 9 | वैश्वीकरण | श्री भरत व्यास | 9829230943 | 18 | भारतीय राजनीतिः नए बदलाव | श्री निरंजन कुमार पटवारी | 9414682788 |

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## परीक्षा 2023 के लिए संक्षिप्तिकृत पाठ्यक्रम

## राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

**कक्षा – 12**

**विषय कोड (SUBJECT CODE)–11**

| इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है– | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्न पत्र | समय(घंटे) | प्रश्न पत्र के लिए अंक | सत्रांक | पूर्णांक |
| एक | 3:15 | 80 | 20 | 100 |

**भाग–क : समकालीन विश्व राजनीति (Contemporary World-Politics) 40**

1. शीतयुद्व का दौर 6
2. दो–ध्रुवीयता का अंत 6
3. समकालीन विश्व में अमरीकी वर्चस्व 4
4. सत्ता के वैकल्पिक केन्द 4
5. समकालीन दक्षिण एशिया 5
6. अंतर्राष्ट्रीय संगठन 4
7. समकालोन विश्व में सुरक्षा 3
8. पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन 4
9. वैश्वीकरण 4

**भाग–खः स्वतंत्र भारत में राजनीति (Politics in India Since Independence) 40**

10. राष्ट्र–निमाण की चुनौतियाँ 4
11. एक दल के प्रभुत्व का दौर 3
12. नियोजन विकास की राजनीति 5
13. भारत के विदेश संबंध 5
14. कांग्रेस प्रणाली : चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना 4
15. लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट 5
16. जन आंदोलनों का उदय 4
17. क्षेत्रीय आकांक्षाएँ 5
18. भारतीय राजनीतिः नए बदलाव 5

निर्धारित पुस्तकें:–

1. समकालीन विश्व राजनीति– एन.सी.ई.आर.टी से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित

   **Contemporary world Politics- NCERT's Book Published under Copyright**

2. स्वतंत्र भारत में राजनीति– एन.सी.ई.आर.टी से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित

   **Politics in India Since Independence- NCERT's Book Published under Copyright**

CBEO PHINDER & VALLABHANAGAR

# पाठ–1 : शीतयुद्ध का दौर

## अतिलघुतरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 द्वितीय विश्व युद्ध के उपरांत कौनसी दो महाशक्तियाँ उभर कर सामने आयी थी?

उत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ।

प्रश्न 2 शीतयुद्ध का चरम बिन्दू क्या था?

उत्तर क्यूबा मिसाइल संकट।

प्रश्न 3 मित्र राष्ट्रों के अगुवाई वाले देश कौन से थे?

उत्तर अमेरिका सोवियत संघ, ब्रिटेन और फ्रांस।

प्रश्न 4 धुरी राष्ट्रों के नाम बताइए।

उत्तर जर्मनी, इटली, जापान ।

प्रश्न 5 अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी गठबन्धन की विचार धारा क्या है?

उत्तर पूंजीवादी ।

प्रश्न 6 अगस्त 1945 में जापान के किन शहरों पर परमाणु बम गिराये थे।

उत्तर (i) हिरोशिमा (ii) नागासाकी ।

प्रश्न 7 उत्तरी अटलाण्टिक सन्धि संगठन (नाटो) की स्थापना कब हुई?

उत्तर अप्रैल 1949 में ।

प्रश्न 8 नाटों का पूरा नाम लिखिए।

उत्तर अटलाण्टिक सन्धि संगठन। (North- Atlantic-trealyorganization)

प्रश्न 9 'वारसा सन्धि' की स्थापना का मुख्य कारण क्या था?

उत्तर 'वारसा सन्धि' की स्थापना का मुख्य कारण नाटों में सम्मिलित देशों का यूरोप में मुकाबला करना था।

प्रश्न 10 सीटो (SEATO) का विस्तृत रूप लिखिए।

उत्तर दक्षिण–पूर्व एशियाई सन्धि संगठन (South -East Asian Treaty organisation)

प्रश्न 11 मार्शल योजना से आप क्या समझते है?

उत्तर अमेरिका ने यूरोप की अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन हेतु जो सहायता की वह मार्शल योजना के नाम से जानी जाती है।

प्रश्न 12 एन.पी.टी एवं एल.टी.बी.टी. का पूरा नाम लिखिए?

उत्तर एन.पी.टी–परमाणु अप्रसार सन्धि (Treaty on the Non-Proliferation of Nuclear weapons)

एल.टी.बी.टी.–सीमित परमाणु परीक्षण सन्धि (Limited Test Ban Treaty)

प्रश्न 13 शीतयुद्ध से आप क्या समझते है?

उत्तर शीतयुद्ध से हमारा अभिप्राय उस अवस्था से है जब दो से अधिक देशों के मध्य तनावपूर्ण वातावरण तो हो, लेकिन वास्तव में कोई युद्ध न हो।

प्रश्न 14 नव अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के लिए मांग किस सम्मेलन में की गई?

उत्तर अल्जीरिया शिखर सम्मेलन में।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 15 गुट निरपेक्षता का मूल अभिप्राय क्या है?

उत्तर गुटनिरपेक्षता का अभिप्राय सभी गुटों से अपने को अलग रखना है और अपनी स्वतन्त्र नीतियों को अनुसरण करना।

प्रश्न 16 बगदाद समझौता किस नाम से जाना जाता है?

उत्तर सेन्टो (CENTO)।

प्रश्न 17 ट्रूमैन सिद्धान्त क्या था?

उत्तर साम्यवाद को रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रूमैन का सिद्धांत।

प्रश्न 18 बर्लिन की दीवार कब गिरी?

उत्तर 9 नवम्बर, 1989।

प्रश्न 19 भारत ने सोवियत संघ के साथ आपसी मित्रता की सन्धि पर कब हस्ताक्षर किये?

उत्तर 1971 में।

प्रश्न 20 जर्मनी का एकीकरण कब हुआ?

उत्तर जर्मनी का एकीकरण 1990 में हुआ।

प्रश्न 21 गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के प्रणेता कौन थे?

उत्तर गुटनिरेपक्षता आन्दोलन के प्रणेता भारत के जवाहर लाल नेहरू, मिश्र के जमाल अब्दुल नासिर, युगोस्लाविया के जोसेफ ब्रॉज टीटो, घाना के एनक्रूमा एवं इंडोनेशिया के सुकर्णो थे।

प्रश्न 22 शीतयुद्ध के काल के तीन पश्चिमी या अमेरिकी गठबन्धनों के नाम लिखिये।

उत्तर 1. उत्तर अटलाण्टिक सन्धि संगठन (नाटो)।

2. दक्षिण–पूर्व एशियाई संगठन (सेन्टो)।

3. केन्द्रीय सन्धि संगठन (सीटो)।

प्रश्न 23 'टुवार्ड्स अ न्यू ट्रेड पॉलिसी फॉर डवलपमेन्ट' शीर्षक से एक रिपोर्ट कब प्रस्तुत की गई?

उत्तर 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ के व्यापार और विकास से संबंधित सम्मेलन (यूनाइटेड़ नेशस कॉनफ्रेस ऑन ट्रेड एण्ड डेवलपमेन्ट–अंकटाड) में प्रस्तुत की गई।

प्रश्न 24 पहला गुटनिरपेक्ष सम्मेलन कब हुआ?

उत्तर पहला गुटनिरपेक्ष सम्मेलन सन् 1961 में बेलग्रेड में हुआ।

प्रश्न 25 सामरिक अस्त्र परिसीमन वार्ता (साल्ट) पर किन दो देशों ने हस्ताक्षर किये।

उत्तर अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर और सोवियत संघ नेता लियोनेड ब्रेझनेव ने 18 जून 1979 में हस्ताक्षर किये।

प्रश्न 26 'गुट निरपेक्षता कोई पलायन की नीति नहीं है' के विचार किसके रहे।

उत्तर पं. जवाहर लाल नेहरू।

प्रश्न 27 'पूर्णव्यापी रक्त रंजित युद्ध' का अर्थ स्पष्ट कीजिए?

उत्तर पूर्णव्यापी रक्तरंजित युद्ध का अर्थ यहाँ दो शक्तियों के बीच पूर्ण पैमाने पर युद्ध है।

प्रश्न 28 देतान्त का अर्थ स्पष्ट करे।

उत्तर देतान्त का अर्थ है शिथिलता । अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में USA और USSR तनाव शिथिलता के लिए इस शब्द का प्रयोग किया गया।



CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 29 निःशस्त्रीकरण का क्या अर्थ है?

उत्तर निःशस्त्रीकरण का अर्थ है परमाण्विक तथा अन्य हथियारो को सीमित या समाप्त करना।

प्रश्न 30 UNCTAD का विस्तृत रूप लिखिये।

उत्तर . संयुक्त राष्ट्र संघ व्यापार और विकास सम्मेलन (United Nations Conference on Trade and Development)

प्रश्न 31 परमाणु बमों के गुप्त नाम क्या थे ?

उत्तर लिटिल बॉय, फैटमेन।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न 32 तटस्थता से क्या आशय है?

उत्तर तटस्थता का अर्थ मुख्य रूप से युद्ध में शामिल न होने की नीति का पालन करना है। ऐसे देश युद्ध में संलग्न नहीं होते और नही युद्ध के सही–गलत होने के बारे में उनका कोई पक्ष होता है।

प्रश्न 33 नई अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से क्या अभिप्राय है?

उत्तर नई अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से अभिप्राय है ऐसी अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था जिसमें नवोदित विकासशील राष्ट्रों का राष्ट्रीय विकास पूँजीवादी राष्ट्रों की इच्छा पर निर्भर न रहे। विश्व आर्थिक व्यवस्था का संचालन एक दूसरे की संप्रभुता का समादर अहस्तक्षेप एवं कच्चे माल व उत्पादन राष्ट्र का पूर्ण अधिकार आदि सिद्धान्तों पर आधारित हो।

प्रश्न 34 अपरोध का तर्क क्या है?

उत्तर अगर कोई शत्रु पर आक्रमण करके उसके परमाणु, हथियारों को नाकाम करने के कोशिश करता है तब भी दूसरे के पास उसे बर्बाद करने लायक हथियार बच जायेगे इसे अपरोध (रोक और सन्तुलन) का तर्क कहा गया है।

प्रश्न 35 शीतयुद्ध के कारण बताएँ?

उत्तर शीतयुद्ध के कारण– शीतयुद्ध के प्रमख कारण निम्नलिखित है –

1. अमेरिका और सोवियत संघ के महाशक्ति बनने की होड।
2. पूंजीपति और साम्यवादी विचारधारा के विरोध ने भी शीतयुद्ध को बढावा दिया।

प्रश्न 36 क्यूबा का मिसाइल संकट क्या था?

उत्तर 1962 में सोवियत संघ के नेता नीकिता खुश्चेव ने अमरीका के तट पर स्थित एक द्वीपीय देश क्यूबा को रूस के सैनिक अड्डे के रूप में बदलने हेतु वहाँ परमाणु मिसाइले तैनात की गई। क्यूबा ने मिसाइलों की तैनाती की जानकारी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति कैनेडी ने आदेश दिया कि अमरीकी जंगी बेड़ों का आगे करके क्यूबा की तरफ जाने वाले सोवियत जहाजों को रोका जाये। इस चेतावनी से लगा कि युद्ध होगा। इसी को क्यूबा संकट के रूप में जाना जाता है।

प्रश्न 37 भारत द्वारा गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाने के प्रमुख कारण बताइए?

उत्तर भारत द्वारा गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाने के प्रमुख कारण निम्नलिखित है–

1. स्वतन्त्र विदेश नीति का निर्धारण करने हेतु– भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण इसलिए किया ताकि वह स्वतन्त्र विदेश नीति का निर्धारण कर सके।
2. राष्ट्र हितों की रक्षा हेतु– भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति को इसलिए अपनाया ताकि वह स्वतन्त्र रूप से ऐसे अन्तर्राष्ट्रीय फैसले ले सके जिससे उसका हित साधता हो।

प्रश्न 38 पहला गुटनिरपेक्ष सम्मेलन बेलग्रेड में हुआ गुटनिरपेक्ष सम्मेलन किन कारकों की परिणति था? बेलग्रेड में 1961 में हुआ गुटनिरपेक्ष सम्मेलन निम्नलिखित तीन बातों की परिणति था –



CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

उत्तर 1. पाँच देशों के मध्य सहयोग।

2. शीतयुद्ध का प्रसार और इसके बढ़ते हुए दायरे ।

3. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कई नव स्वतन्त्र अफ्रीकी देशों का नाटकीय उदय। 1960 तक संयुक्त राष्ट्रसंघ में 16 नये अफ्रिकी देश बतौर सदस्य शामिल हो चुके थे।

प्रश्न 39 अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर शीतयुद्ध के सकारात्मक प्रभाव बताइए।

उत्तर अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर शीतयुद्ध का प्रभाव –

1. **गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की उत्पति**– गुटों में सम्मिलित होने से बचने के लिए गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का जन्म एवं विकास हुआ।

2. **शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व को प्रोत्साहन**– दोनों महाशक्तियों के मध्य शीतयुद्ध की भयावहता के कारण सम्पूर्ण विश्व विभिन्न देशों के मध्य शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व को भी प्रोत्साहन मिला।

3. **प्रौद्योगिक विकास**– शीतयुद्ध के कारण समस्त विश्व में परमाणु शक्ति के क्षेत्र में प्रौद्योगिक विकास को प्रोत्साहन मिला।

प्रश्न 40 नई अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

उत्तर नई अन्तर्राष्ट्रीय उद्देश्य निम्नलिखित है –

1. विकासशील देशों को न्यूनतम ब्याज शर्तो पर ऋण दिलाए जाएँ और उनके पुनर्भुगतान की शर्ते भी अत्यधिक लचीली रखी जाएँ।

2. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के कार्य संचालन के सम्बन्ध में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आचार–संहिता लागू की जाए।

3. विदेशी स्त्रोतों से वित्तीय सहायता के अतिरिक्त नवीन प्रौद्योगिकी भी उपलब्ध हो।

4. विश्व की अर्थव्यवस्था की अन्तःनिर्भरता का अधिक कुशलता एवं न्यायपूर्ण प्रबन्धन हो।

प्रश्न 41 क्या गुट निरपेक्षता प्रथकवाद है?

उत्तर गुटनिरपेक्षता प्रथकवाद नही है क्योंकि पृथकवाद का अभिप्राय एक ऐसी नीति से है जिसमें एक देश खुद को अन्तर्राष्ट्रीय मामलों से अलग रखता है जबकि गुटनिरपेक्षता केवल दोनों महाशक्तियों के गुटो से दूर रहने से सम्बन्धित थी बाकि सभी अन्य देशों से गुटनिपेक्ष देशों के अच्छे सम्बन्ध थे।

प्रश्न 42 निम्न को सुमिलित कीजिए।

1990 : क्यूबा का संकट
1962 : शीत युद्ध की समाप्ति
1955 : जर्मनी का एकीकरण
1991 : सेन्टो (बगदाद समझाते) पर हस्ताक्षर

उत्तर
1990 : जर्मनी का एकीकरण
1962 : क्यूबा का सकंट
1955 : सेन्टो (बगदाद समझौते) पर हस्ताक्षर
1991 : शीत युद्ध की समाप्ति

प्रश्न 43 गुटनिरपेक्ष आन्दोलन अब अप्रांसगिक हो गया है। इसके पक्ष में आप तर्क दीजिए।

उत्तर (1) 1962 चीन आक्रमण के समय श्रीलंका को छोडकर किसी गुटनिरपेक्ष देश ने चीनी आक्रमण का विरोध नहीं किया।

(2) अगस्त, 1971 में भारत के विदेश मंत्री स्वर्ण सिंह के सुझाव पर भारत–रूसके मध्य की गई शांति,मित्रता व सहयोग संधि हुई।

(3) 1983 गुटनिपेक्षता का 7 वां सम्मेलन दिल्ली मे हुआ जिसमें इंदिरा गाँधी ने अफगानिस्तान में रूस की सेनाओं के प्रवेश की आलोचना नहीं की तथा भारत ने तटस्थता की नीति का परिचय दिया।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

# पाठ–2 : दो ध्रुवीता का अंत

प्रश्न 1 – सोवियत संघ ने कब अफगानिस्तान में हस्तक्षेप किया था?
उत्तर – 1979 में
प्रश्न 2 – सोवियत संघ के विघटन की घोषणा कब की गयी थी?
उत्तर – सन 1991 दिसंबर माह में
प्रश्न 3 – सोवियत संघ पर कम्युनिस्ट पार्टी ने कितने सालों तक शासन किया?
उत्तर – 70 साल
प्रश्न 4 – जून 1991 में रूस के राष्ट्रपति कौन बने थे?
उत्तर – बोरिस येल्तसिन
प्रश्न 5 – सोवियत संघ के विघटन का अंतिम और तात्कालिक कारण क्या था?
उत्तर – राष्ट्रीयता और संप्रभुता के भाव का उदय
प्रश्न 6 – शीत युद्ध की समाप्ति के बाद विश्व में किस प्रकार की स्थिति बनी?
उत्तर – अमेरिकी प्रभुत्व वाली एक ध्रुवीय विश्व की स्थिति बनी
प्रश्न 7– शीत युद्ध की समाप्ति के बाद राजनैतिक रूप से कौनसी धारणा सर्वश्रेष्ठ रूप से उभरी?
उत्तर – उदारवादी लोकतंत्र की धारणा
प्रश्न 8– शॉक थैरेपी की सर्वोपरि मान्यता क्या थी?
उत्तर – मिल्कियत का सबसे प्रभावी रूप निजी स्वामित्व का होना
प्रश्न 9– रूस की मुद्रा क्या है?
उत्तर – रूबल
प्रश्न 10– विश्व के तेल और गैस के बड़े उत्पादक देश कौनसे हैं?
उत्तर – रूस,कजाकिस्तान,तुर्कमेनिस्तान,उज्बेकिस्तान, अजरबेजान
प्रश्न 11– रूस किन राज्यों को अपना निकटतम विदेश मानता है?
उत्तर – मध्य एशिया के सभी राज्यों को
प्रश्न12. बर्लिन की दीवार किसका प्रतीक है?
उत्तर – शीत युद्ध का प्रतीक है।
प्रश्न 13. USSR का पूरा नाम बताइए?
उत्तर – सोवियत समाजवादी गणराज्य
प्रश्न 14. बर्लिन की दीवार कब बनाई गई?
उत्तर – 1961 में पूर्वी बर्लिन एवं पश्चिमी बर्लिन के मध्य बर्लिन की दीवार बनाई गई ।
प्रश्न 15. पूंजीवादी दुनिया और साम्यवादी दुनिया के बीच विभाजन का प्रतीक किसे कहा गया?
उत्तर – बर्लिन की दीवार को
प्रश्न 16. पूर्वी जर्मनी की आम जनता ने बर्लिन की दीवार को कब गिरा दिया था?
उत्तर – पूर्वी जर्मनी की आम जनता ने 1989 में बर्लिन की दीवार को गिरा दिया था
प्रश्न 17. रूस में समाजवादी क्रांति कब हुई थी?
उत्तर – रूस में समाजवादी क्रांति 1917 में हुई थी
प्रश्न 18 सोवियत राजनीतिक प्रणाली की धूरी कौन सी पार्टी थी?
उत्तर – सोवियत राजनीतिक प्रणाली की धूरी कम्युनिस्ट पार्टी थी
प्रश्न 19. समाजवादी खेमे के देशों को इतिहास में किस नाम से जाना गया?
उत्तर – समाजवादी खेमे के देशों को दूसरी दुनिया के नाम से जाना गया
प्रश्न 20. दूसरी दुनिया का नेता कौन था?
उत्तर – दूसरी दुनिया का नेता समाजवादी सोवियत गणराज्य था
प्रश्न 21. 1985 में सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कौन थे?
उत्तर – मिखाईल गोर्बाचेव
प्रश्न 22. 1991 के आम चुनाव में रूसी गणराज्य में किस नेता ने चुनाव जीता था?
उत्तर – बोरिस येल्तसिन ने
प्रश्न 23. नाटो का पूरा नाम बताइए?
उत्तर – उत्तर अटलांटिक संधि संगठन

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 24. रूस के किन दो गणराज्य में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले?
उत्तर – चेचन्या और दागिस्तान
प्रश्न 25. शॉक थेरेपी का शाब्दिक अर्थ क्या है?
उत्तर – शॉक थेरेपी का शाब्दिक अर्थ आघात पहुंचा कर उपचार करना है
प्रश्न 26. शॉक थेरेपी साम्यवादी देशों के द्वारा कब अपनाई गई
उत्तर – 1990 में
प्रश्न 27. सोवियत संसद का क्या नाम था?
उत्तर – सोवियत संसद का नाम ड्यूमा था
प्रश्न 28. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ?
उत्तर – सोवियत संघ का विघटन 25 दिसंबर 1991 में गरबाचेव के सोवियत संघ के राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के साथ ही हो गया।
प्रश्न 29. साम्यवाद के पतन के बाद सोवियत संघ के गणराज्यों ने कौन सी पद्धति या थेरेपी को अपनाया?
उत्तर – साम्यवाद के पतन के बाद सोवियत संघ के गणराज्यों ने शॉक थेरेपी को अपनाया।

**प्रश्न 30. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**
1. सोवियत राजनैतिक प्रणाली....................की विचार धारा पर आधारित थी (समाजवाद)
2. सोवियत संघ द्वारा बनाया गया सैन्य गठबंधन................था (वारसा पैक्ट)
3. ........................पार्टी का सोवियत राजनैतिक व्यवस्था पर दबदबा था। (कम्यूनिस्ट पार्टी)
4. ........................ने 1985 में सोवियत संघ में सुधारों की शुरूआत की(मिखाईल गोर्बाचेव)
5..........................का गिरना शीत युद्ध के अंत का प्रतीक था (बर्लिन की दीवार)

प्रश्न 31– दूसरी दुनिया किसे कहा गया है?
उत्तर– पूर्वी यूरोप के अनेक देशों ने अपनी सामाजिक व राजनैतिक व्यवस्था को सोवियत संघ की समाजवादी प्रणाली की तरह ढाला इन्हे ही दूसरी दुनिया के देश कहा जाता है
प्रश्न 32– सोवितय संघ के अंदर आर्थिक सुधारों की नीति चलाने वाला कौन था?
उत्तर – मिखाईल गोर्बाचेव
प्रश्न 33– सीआईएस का पूरा नाम क्या है?
उत्तर – कॉमन वेल्थ ऑफ इंडीपेडैंट स्टेट
प्रश्न 34– शॉक थैरेपी का मॉडल किसके द्वारा निर्देशित था?
उत्तर – विश्व बैंक व अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा
प्रश्न 35– रूस के किन दो गणराज्यों में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले
उत्तर – चेचन्या और दागिस्तान
प्रश्न 36– 2001 में भारत और रूस के बीच कितने द्विपक्षीय समझौते हुए?
उत्तर – 80
प्रश्न 37– रूस के लिए हथियारों का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार देश कौनसा है?
उत्तर – भारत
प्रश्न 38– रूस के पहले राष्ट्रपति कौन चुने गये?
उत्तर – बोरिस येल्तसिन
प्रश्न 39– स्वतंत्रता की घोषणा करने वाला पहला सोवियत गणराज्य कौनसा था?
उत्तर – लिथुआनिया

❖

CREO BHINDER & VALLABHANAGAR

# पाठ–3 : समकालीन विश्व में अमेरिकी वर्चस्व

प्रश्न 1 सोवियत संघ का विघटन कब हुआ?
उत्तर सन् 1991 में।
प्रश्न 2 अमेरिका द्वारा लगभग 34 देशों की सेनाओं के साथ इराक में हमलें के अभियान को क्या नाम दिया गया?
उत्तर ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म
प्रश्न 3 प्रथम खाड़ी युद्ध को ''सौ जगों की एक जंग'' की संज्ञा किसने दी?
उत्तर इराक के तत्कालिक राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने।
प्रश्न 4 किस युद्ध को कुछ पर्यवेक्षकों ने ''कम्प्यूटर युद्ध'' की संज्ञा दी?
उत्तर प्रथम खाड़ी युद्ध को।
प्रश्न 5 1992 में ''जार्ज बुश की जगह अमेरिका के राष्ट्रपति कौन बने?
उत्तर बिल क्लिंटन।
प्रश्न 6 सूडान और अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन अलकायदा के खिलाफ अमरिकी राष्ट्रपति क्लिंटन द्वारा चलाये गए अभियान को क्या नाम दिया गया?
उत्तर ऑपरेशन इनलाइनाइट रीच।
प्रश्न 7 न्यूयार्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर आतंकवादियों का हमला कब हुआ?
उत्तर 11 सितम्बर 2001 (9/11)
प्रश्न 8 अमरीकी रक्षा विभाग का मुख्यालय कहां है?
उत्तर पेंटागन में।
प्रश्न 9 अमेरिका की अगुवाई में किस देश के खिलाफ ''ऑपरेशन इराकी फ्रिडम'' चलाया गया?
उत्तर इराक
प्रश्न 10 हेगेमनी का क्या अर्थ होता है?
उत्तर वर्चस्व
प्रश्न 11 नाटो का पुरा नाम बताइये?
उत्तर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन।
प्रश्न 12 प्रौद्योगिकी (साफ्टवेयर) के क्षेत्र में भारत के कुल निर्यात का कितना प्रतिशन सामान अमेरीका खरीदता है?
उत्तर 65 प्रतिशत
प्रश्न 13 विश्व के पहले ''बिजनेस स्कूल'' की स्थापना कब हुई?
उत्तर सन् 1881 में
प्रश्न 14 हाइवे आफ डेथ किसे कहा जाता है?
उत्तर कुवैत और बसरा के बीच की सड़क को।

**लघुउत्तरात्मक प्रश्न** –
प्रश्न 1 ''नाइन–इलेवन'' किसे कहा जाता है?
उत्तर अरब देशों के अपहरणकर्ताओं ने चार अमरीकी व्यावसायिक विमानों पर कब्जा कर लिया एवं इन अपहरणकर्ताओं ने दो विमान न्यूयार्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर से टकराए एवं तीसरा विमान पेंटागन से टकराया। इस हमले को नाइन–इलेवन कहा गया।
प्रश्न 2 अमेरिकी वर्चस्व के मार्ग में कौनसी बाधाएं है?
उत्तर अमेरिकी वर्चस्व की सबसे बडी बाधा खुद उसके वर्चस्व के भतर है अमेरिकी शक्ति की राह में तीन अवरोध है –
1 अमेरिका की संस्थागत बनावट। 2 अंदरूनी चुनौती। 3 नाटो का डर।
प्रश्न 3 ''बैंडवैगन'' रणनीति से क्या आशय है?
उत्तर किसी देश को सबसे ताकतवर देश के विरूद्ध रणनीति बनाने के स्थान पर उसे वर्चस्व तंत्र में रहते हुए अवसरों का फायदा उठाने की रणनीति को ही ''बैंडवैगन'' अथवा ''जैसे बहे बहार पीठ तैसी किजै'' की रणनीति कहते है।

CBSO BHINDER & VALLABHANAGAR

# पाठ–4 : सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र

प्रश्न 1 मार्शल योजना क्या है ?

उत्तर – द्वितीय विश्व युद्व के बाद अमेरिका ने युरोप की अर्थव्यवस्था के पुनगर्ठन के लिये जबरदस्त सहायता की। इसे मार्शल योजना के नाम से जाना जाता है। यह योजना अमेरिकी विदेशमंत्री मार्शल के नाम से प्रसिद्व है।

प्रश्न 2 यूरोपीय संघ के निर्माण के कोई दो कारण बताईये ।

उत्तर – यूरोपीय संघ की स्थापना सन् 1992 हुई । इसका आर्थिक, राजनैतिक, सैनिक व कूटनीतिक रूप में विश्व राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान है।

प्रश्न 3 यूरोपीय संघ के निर्माण के कोई दो कारण बताइये।

उत्तर – (1) यूरोपीय संघ का निर्माण यूरोप के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये किया गया।
(2) इसका निर्माण अमेरिका की आर्थिक शक्ति के मुकाबले के लिये किया गया।

प्रश्न 4 यूरोपीयन इकोनोमी कम्युनिटी का गठन कब हुआ।

उत्तर – यूरोप के पूंजीवादी देशों की अर्थव्यवस्था के आपसी एकीकरण की प्रक्रिया चरणबद्व ढंग से आगे बढ़ी और इसके परिणामस्वरूप 1957 में यूरोपीयन इकोनोमिक कम्युनिटी का गठन हुआ।

प्रश्न 5 यूरोपीय संघ की मुद्रा का क्या नाम है ?

उत्तर – यूरोपीय संघ की मुद्रा का नाम युरो है।

प्रश्न 6 यूरोपीय संघ के विस्तार के कोई दो चरण लिखें।

उत्तर – (1) 1948 में यूरोपीय राज्यों ने आर्थिक पुरर्निमाण हेतु यूरोपिय आर्थिक समुदाय का निर्माण किया।
(2) 18 अप्रेल 1951 को यूरोपीय को यूरोपीय कोयला एवं इस्पात समुदाय की स्थापना की ।

प्रश्न 7 आसियान की स्थापना कब और किसने की ?

उत्तर – 1967 में दक्षिण–पूर्व एशियायी क्षेत्र के 5 देश – इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपीन्स, थाईलेण्ड और सिंगापुर ने बैंकाक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करके आसियान की स्थापना की ।

प्रश्न 8 आसियान आर्थिक समुदाय के उद्वेश्य लिखिये।

उत्तर – सदस्य देशों के सामाजिक आर्थिक विकास में सहायता करना तथा उन्हें साझा बाजार देना।

प्रश्न 9 आसियान के मुख्य स्तम्भो के नाम लिखिये।

उत्तर – 2003 में आसियान ने तीन मुख्य स्तम्भ बताये है।
(1) आसियान सुरक्षा समुदाय
(2) आसियान आर्थिक समुदाय
(3) आसियान सामाजिक – सांस्कृतिक समुदाय

प्रश्न 10 आसियान सुरक्षा समुदाय का उद्वेश्य क्या है ?

उत्तर – आसियान सुरक्षा समुदाय के मुख्य उद्वेश्य है – क्षेत्रीय विवादों को सैनिक टकराव तक ने ले जाकर उन्हें बातचीत के द्वारा सुलझाने का प्रयास करना।

प्रश्न 11 आसियान के 10 देशों के नाम लिखिये।

उत्तर – आसियान के 10 देश ये है– 1. मलेशिया 2, सिंगापुर 3. इण्डोनेशिया 4. म्यांमार
5. वियतनाम 6. लाओस 7. कम्बोडिया 8. थाईलैण्ड 9. ब्रनेई 10. दारूसलाम ।

प्रश्न 12 चीन में विदेशी व्यापार वृद्वि के कोई दो कारण बताएं।

उत्तर – (1) चीन ने विदेश व्यापार वृद्वि के लिये 1978 में नीति की घोषणा की।
(2) विदेशी निवेश एवं व्यापार को आकर्षित करने के लिये उसने विशेष आर्थिक क्षैत्रों का निर्माण किया।

प्रश्न 13 चीन की नई आर्थिक नीति की कोई दो असफलताएं लिखिये।

उत्तर – (1) नई आर्थिक नीति के सुधारों का लाभ चीन में सभी क्षेत्रों को नहीं मिल पाया है।
(2) नई आर्थिक नीति से चीन में बेरोजगारी की समस्या पैदा हुई है।

प्रश्न 14 1978 से पहले एवं बाद में चीन की आर्थिक नीतियों में काई दो अन्तर बताएं।

उत्तर – (1) चीन ने आर्थिक क्षैत्र में 1978 से पहले एकान्तवास की नीति अपनायी थी, जबकि 1978 के पश्चात खुले द्वार की नीति अपनायी ।
(2) 1978 से पहले कृषि राज्य नियंत्रित थी जबकि 1978 के पश्चात खुले द्वार की नीति अपनायी ।

प्रश्न 15 भारत चीन संघर्ष के कोई दो कारण बताओ।

CREO BHINDER & VALLABHANAGAR

उत्तर – (1) **सीमा विवाद**– भारत–चीन के बीच सीमा विवाद चल रहा है। यह विवाद मैकमोहन रेखा, अरूणाचल प्रदेश के एक भाग तवांग तथा अक्साई चीन के क्षैत्र को लेकर है।

(2) **पाक को परमाणु सहायता**– चीन गोपनीय तरीके से पाकिस्तान को परमाणु उर्जा एवं तकनीक प्रदान कर रहा है। इससे चीन के प्रति भारत में खिन्नता है।

# पाठ–5 : समकालीन दक्षिण एशिया

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** :–

प्रश्न 1– भारत ने शांति सेना किस देश में भेजी ?
(अ) पाकिस्तान (ब) श्रीलंका (स) बांग्लादेश (द) मालदीव (ब)

प्रश्न 2– किस वर्ष नेपाल के राजा ने संसद को भंग का दिया था ?
(अ) 2000 (ब) 2002 (स) 2005 (द) 2001 (ब)

प्रश्न 3– मालदीव किस वर्ष लोकतंत्रात्मक राष्ट्र बना था ?
(अ) 1965 (ब) 1968 (स) 1969 (द) 1970 (ब)

प्रश्न 4– दक्षेस के घोशणा पत्र पर हस्ताक्षर किस वर्ष किए गए ?
(अ) 1965 (ब) 1985 (स) 1975 (द) 1995 (ब)

प्रश्न 5– अफगानिस्तान को दक्षिण एशियाई क्षेत्र में कब शामिल किया गया था ?
(अ) 2000 (ब) 2005 (स) 2004 (द) 2008 (ब)

प्रश्न 6– श्रीलंका कब आजाद हुआ ?
(अ) 1947 (ब) 1948 (स) 1968 (द) 1975 (ब)

प्रश्न 7 – भारत का नागरिक किस देश में बगैर पासपोर्ट व वीजा के आजा सकता है ?
(अ) श्रीलंका (ब) नेपाल (स) पाकिस्तान (द) भुटान (ब)

प्रश्न 8– दक्षिणी एशिया का कौनसा देश हिन्दू राष्ट्र कहलाता है ?
(अ) श्रीलंका (ब) नेपाल (स) पाकिस्तान (द) बांग्लादेश (ब)

प्रश्न 9– श्रीलंका में प्रभाकरण लिट्टे (LTTE) गठन कब किया था ?
(अ) 1948 (ब) 1976 (स) 1968 (द) 1973 (ब)

प्रश्न 10– कारगिल युद्ध कब हुआ था ?
(अ) 1988 (ब) 1999 (स) 1968 (द) 1977 (ब)

**निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

प्रश्न 11– प्रथम परमाणु परीक्षण 18 मई 1974 को ..............................के जैसलमेर में व द्वितीय परमाणु परीक्षण 11 व 13 मई 1998 को ...................... पोकरण जैसलमेर में हुआ।

उत्तर– पोकरण, खतोलाई

प्रश्न 12– भारत द्वारा किये गये प्रथम परमाणु परीक्षण का नाम..................................एवं द्वितीय परमाणु परीक्षण का नाम................................................ दिया गया ।

उत्तर– ऑपरेशन स्माईलिंग बुद्धा,ऑपरेशन शक्ति

प्रश्न 13– दक्षिण एशियाई राष्ट्रों में ...........को दक्षिण एशियाई राष्ट्रों की श्रेणी में नहीं माना जाता है ?

उत्तर– चीन

प्रश्न 14– अप्रेल 2006 में नेपाल के राजा .................................ने संसद को बहाल किया था ?

उत्तर– ज्ञानेन्द्र

प्रश्न 15– कारगिल युद्ध ....................................... हुआ था ?

उत्तर– 1999 में

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न 16 – तमिल संगठन (लिट्टे) का पुरा नाम क्या है ?

उत्तर – लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम ।

प्रश्न 17 – SAARC का पुरा नाम एवं इसका गठन किसने व कब किया था ?

उत्तर– साउथ एशियन एसोसिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन, गठन दक्षिण एशिया के देशों ने 1985 में किया।

प्रश्न 18– दक्षिण एशियाई क्षेत्र में कौन कौन से देश आते हैं ?

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

उत्तर— भारत, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं।

प्रश्न 19 — दक्षिण एशिया का भौगोलिक विस्तार कहॉ तक है ?

उत्तर — उत्तर में हिमालय पर्वत, दक्षिण में हिंद महासागर, पश्चिम का अरब सागर और पूर्व में बंगाल की खाड़ी के मध्य।

प्रश्न 20 — पाकिस्तान में किस प्रकार की सरकारे रही है ?

उत्तर — बेनजीर भुट्टो व नवाज शरीफ की सरकार लोकतंत्र की रही व बाकी सरकारे सैन्य शासन की रही।

प्रश्न 21 — भारत के किन देशो के साथ तनावपुर्ण संबध रहे है ?

उत्तर — पाकिस्तान एवं चीन।

प्रश्न 22 — पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी का क्या नाम है ?

उत्तर — आई.एस.आई.।

प्रश्न 23 पाकिस्तान शीतयुद्ध के दौरान किस सैन्य गुट में शामिल हुआ था ?

उत्तर — सिएटो और सेंटो गुट में।

प्रश्न 24 — वैश्वीकरण के दौर में हुए सार्क सम्मेलनों में किन—किन पर समझौतों पर हस्ताक्षर हुए थे ?

उत्तर — जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबन्धन, आतंकवाद की समाप्ति संबंधी तथा व्यापार एवं विकास को बढ़ावा देने पर।

प्रश्न 25— भारत और पाकिस्तान कब आजाद हुए थे ?

उत्तर— भारत 15 अगस्त 1947 व पाकिस्तान 14 अगस्त 1947।

प्रश्न 26— बांग्लादेश पाकिस्तान से कब अलग हुआ ?

उत्तर— मार्च 1971 में ।

प्रश्न 27— भारत और सोवियत संघ में 20 सालों के लिए मैत्री संधि पर कब हस्ताक्षर किए ?

उत्तर— अगस्त 1971 में।

प्रश्न 28— पाकिस्तान मे सैन्य प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ को कब हटाया था ?

उत्तर— 1999 में।

प्रश्न 29 भारत—पाकिस्तान युद्ध कब—कब हुआ था ?

उत्तर— 1947—48, 1965, 1971 व 1999 में।

प्रश्न 30— नेपाल में 240 वर्षो तक चली तानाशाही का अंत कब हुआ था ?

उत्तर— मई 2008 में।

प्रश्न 31— नेपाल के द्वारा वर्तमान में अपनाए गए संविधान के तहत किसे प्रधानमंत्री व कब बनाया गया था ?

उत्तर— खड़ग प्रसाद शर्मा ओली व अक्टुबर 2015 में।

प्रश्न 32— सिंहलियों द्वारा 'सीलोन' का नाम बदलकर श्रीलंका कब किया गया था?

उत्तर — वर्ष 1972 में।

प्रश्न 33— श्रीलंका के उतरी पूर्वी हिस्से पर नियंत्रण किसने किया था ?

उत्तर — तमिल ईलम संगठन ने।

प्रश्न 34— दक्षिण एशिया के देश में प्रतिव्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद सबसे अधिक है ?

उत्तर— श्रीलंका में।

प्रश्न 35— बांग्लादेश व भारत के बीच किन नदियों के जल को लेकर विवाद बना हुआ है ?

उत्तर — गंगा व ब्रह्मपुत्र नदी।

प्रश्न 36— दक्षिण एशिया का कौनसा देश अधिक शक्तिशाली है ?

उत्तर — भारत।

प्रश्न 37 सार्क की स्थापना कब हुई थी ?

उत्तर— 8 दिसम्बर 1985, ढाका बांग्लादेश में ।

प्रश्न 38— भारत और पाकिस्तान के मध्य शिमला समझौता कब हुआ था ?

उत्तर— जुलाई 1972 में।

प्रश्न 39— भारत और बांग्लादेश के मध्य फरक्का संधि पर कब हस्ताक्षर हुए थे ?

उत्तर — 12 दिसम्बर 1996 में।

प्रश्न 40— भारत और श्रीलंका में मुक्त व्यापार संधि पर कब हस्ताक्षर किए ?

उत्तर — 1998 में।

प्रश्न 41— भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बस यात्रा पर लाहौर कब व किस लिए गए ?

उत्तर — फरवरी 1999 में भाक्ति के लिए एक घोशणा पत्र हस्ताक्षर करने।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 42– पाकिस्तान परमाणु परीक्षण किस पहाड़ी पर किया था ?
उत्तर – चंगाई पहाडी पर।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न 43– साप्टा को लेकर दक्षिण एशिया के अन्य देशों की आशंका को दूर करने के लिए भारत ने क्या कदम उठाया?
उत्तर– भारत ने दक्षेस देशों को बिना सीमा शुल्क अदा किए अपने यहां तैयार माल बेचने का खुला आमंत्रण। भारत ने भूटान नेपाल और श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया।

प्रश्न 44– स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद श्रीलंका को किस समस्या का सामने करना पड़ा?
उत्तर– श्रीलंका में जातिय संघर्ष भारतीय मूल के तमिल जो आजादी से पहले व बाद मे भी श्रीलंका मे बसते रहे है। श्रीलंका में सिंहली समुदाय का दबदबा तमिलों के प्रति उपेक्षापूर्ण व्यवहार का रहा है।

प्रश्न 45 – BIMSTEC का पुरा नाम एवं इसके सदस्य देशों के नाम बताईये ?
उत्तर – Bay of Bengal Intiative for multi sectoral Technical and Economic Coopreation – बंगाल की खाड़ी बहु–क्षैत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम इसके सदस्य देश बांग्लादेश, भारत, बर्मा, श्रीलंका, थाईलैण्ड, भूटान और नेपाल है।

प्रश्न 46– भारत में परमाणु परीक्षण कब किया गया था ?
उत्तर– प्रथम परमाणु परीक्षण 18 मई 1974 को पोकरण जैसलमेर में।
द्वितीय परमाणु परीक्षण 11 व 13 मई 1998 खतोलाई पोकरण जैसलमेर में।

प्रश्न 47– सार्क के सिद्धांतों के विषय में बताइये?
उत्तर– सदस्य राज्यों के आंतरिक विशयों पर हस्तक्षेप, क्षेत्रिय सहयोग, प्रभूसत्ता की प्रादेशिक अखंडता के आधार पर होगी। सहयोग द्विपक्षीय व बहुपक्षिय न होकर अतिरिक्त सहयोग पर होगा। गरीबी अशिक्षा तथा कुपोषण आदि समस्याओं का समाधान करना।

प्रश्न 48– पाकिस्तान मे लोकतंत्र सफल न होने क्या कारण है?
उत्तर– पाकिस्तान में सत्ता पर सदा से सैनिक जनरलों का वर्चस्व रहा है यही कारण है कि पाकिस्तान मे कभी भी चुनी हुई सरकार लोकतांत्रिक तरीके से कार्य नही कर पाती है जिससे लोकतंत्र सफल नही हुआ है।

प्रश्न 49– शिमला समझौते के विषय में बताइये?
उत्तर – 1971 में भारत पाक युद्ध के बाद बांग्लादेश का निर्माण 3 जुलाई 1972 में दोनों देशों के प्रधानमंत्री के बीच समझौता। दोनों देश 30 दिन के अंदर अपनी सीमाएं अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लाना। एक दूसरे की सीमा का उल्लंघन न करना आर्थिक व्यापारी तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग करना।

प्रश्न 50– पाकिस्तान में लोकतंत्र को कमजोर करने वाले कारण लिखिये।
उत्तर– 1. राजनीति में सेना का हस्तक्षेप।
2. राजनीति में कट्टरपंथी धार्मिक नेताओं का दबदबा।
3. विदेशी ताकतों का हस्तक्षेप।
4. राजनैतिक दलों एवं नेताओं के संकीर्ण स्वार्थ इत्यादी।

प्रश्न 51 भारत पाकिस्तान क्षेत्र की किन्हीं चार सामान्य समस्याओं का उल्लेख करे?
उत्तर– 1. कश्मीर मुद्दा आतंकवाद
2. सियाचीन मुद्दा
3 ग्लेशियर
4. सरक्रीक विवाद इत्यादी।

प्रश्न 52 श्रीलंका के जातिय संघर्ष का उल्लेख किजिए ?
उत्तर– 1. बहुसंख्यक सिंहली का अल्पसंख्यक तमिल समुदायों में संघर्ष
2. तमिलों को अधिकार दिलाने का प्रयास
3. उग्र तमिलों द्वारा लिट्टे का गठन
4. श्रीलंका सरकार द्वारा सख्ती
5. 1987 में राजीव जयवर्द्धने समझौता
6. श्रीलंका में भारतीय शांति सेना
7. नार्वे की मध्यस्थता में शांति स्थापना के प्रयास

प्रश्न 53 निम्न समझौतों का कालक्रम बताइये।
1. शिमला समझौता– 1972

CBJO RAJINDER & VALLABHANAGAR

2. ताशकंद समझौता– 1966
3. भारत पाक युद्ध – 1971
4. भारत श्रीलंका समझौता– 1987
5. भारत पाक बिजली परियोजना समझौता– 1978
6. महाकाली बेसिन विकास परियोजना निर्माण समझौता–1996

प्रश्न 54– दक्षिणी एशिया के विभिन्न देशों में एक सी राजनीतिक प्रणाली नही है समझाइये ?

उत्तर – 1. भारत और श्रीलंका में आजादी के बाद से लोकतंत्र है
2. पाकिस्तान और बांग्लादेश में कभी लोकतंत्र और कभी सैन्य शासन रहा है।
3. नेपाल में 2006 तक संवैधानिक राजतंत्र था और बाद में लोकतंत्र बहाली हुई है।
4. भूटान मे राजतंत्र है।
5. मालदीव सन् 1968 तक सल्तनत हुआ करता था। अब यहा लोकतंत्र है।

प्रश्न 55– भारत और चीन के बीच प्रमुख विवाद के कारण क्या है?

उत्तर – भारत और चीन के बीच प्रमुख विवाद–
1. तिब्बत समस्या
2. भारत–चीन सीमा विवाद
3. चीन–पाकिस्तान संबंध
4. चीन की 'वन बेल्ट वन रोड' योजना

प्रश्न 56– मालद्वीप की शासन प्रणाली के बारे संक्षेप में लिखिये

उत्तर – मालद्वीप एक द्वीपीय देश है। मालद्वीप पर 1968 तक सल्लतनत का शासन था। 1968 में यह स्वतंत्र देश बना और यहां पर अध्यक्षीय शासन प्रणाली अपनाई गई। जून 2005 में मालद्वीप की संसद में बहुदलीय प्रणाली के तहत मतदान किया। मालद्वीप में डेमोक्रेटिक पार्टी का देश की राजनीति में अपना वर्चस्व रहा। 2005 में हुए चुनाव में लोकतंत्र मजबूत हुआ। इस चुनाव में विपक्षी पार्टियों को भी कानूनी मान्यता दी गई।

प्रश्न 57– भारत दक्षिण एशियाई देशो के साथ शांति और सहयोग में किस प्रकार अपनी भूमिका निभाता है। विस्तार से समझाये ?

उत्तर – दक्षिण एशियाई देशो के साथ भारत हमेशा शांति एवं सद्भावना का रूख रहता आया है। भारत ने शांति के द्विपक्षीय प्रयास भी किए। क्षेत्रीय स्तर पर दक्षेस (साउथ एशियन एसोशियन फॉर रिजनल कोऑपरेशन) द्वारा बहुस्तरीय साधनों से आपस सहयोग करना। इसकी शुरूआत 1985 मे हुई। आपसी विभेदों के कारण दक्षेस अधिक सफल नहीं हो पाया। इसके सदस्य देशों ने 2002 में 'दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार–क्षेत्र समझौते' (SAFTA) पर हस्ताक्षर करके मुक्त व्यापार क्षेत्र को बढावा दिया गया। इससे सभी देश अपनी अपनी सीमारेखा के आर–पार मुक्त–व्यापार कर सके। हालॉकि भारत और पाकिस्तान के संबंध अच्छे नहीं रहे है हमेशा तनाव में रहतें हैं फिर भी पिछले पांच वर्षो में दोनों देशों के पंजाब वाले हिस्से के बीच बस मार्ग खोले है। चीन और संयुक्त राज्य अमरीका दक्षिण एशिया की राजनीति मे अहम भूमिका निभातें है। पिछले दस वर्षो से भारत और चीन के सम्बन्ध बेहतर हुए है। लेकिन चीन की रणनीतिक साझेदारी पाकिस्तान के साथ है। विकास की जरूरत और वैश्वीकरण के कारण एशिया महाद्वीप के ये दोनो बड़े देश पास आये है व 1991 से आर्थिक संबंध मजबूत हुए है। इस प्रकार भारत हर सम्भव प्रयास यह रहता है कि दक्षिण एशियाई देशो के साथ शांति और सहयोग का वातावरण बना रहे। भारत कभी युद्ध नहीं चाहता वह हमेशा सभी से शांति की अपील करता है।

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

# पाठ–6 : अंतर्राष्ट्रीय संगठन

प्रश्न 1 निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के प्रस्ताव को ज्यादा वजनदार बनाता है?

(अ) परमाणु क्षमता (ब) भारत एशिया में है
(स) भारत संयुक्त राष्ट्र संघ के जन्म से ही उसका सदस्य है
(द) भारत की बढ़ती हुई ताकत और स्थिर राजनैतिक व्यवस्था **(द)**

प्रश्न 2 परमाणु प्रौधोगिकी के शांतिपूर्ण उपयोग और उसकी सुरक्षा से सम्बंध संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेन्सी का नाम है ?

(अ) संयुक्त राष्ट्र संघ निशस्त्रीकरण समिति
(ब) अर्न्तराष्ट्रीय आणविक ऊर्जा एजेन्सी
(स) संयुक्त राष्ट्र संघ अर्न्तराष्ट्रीय संगठन
(द) इनमें से कोई नही **(अ)**

प्रश्न 3 विश्व व्यापार सगठन निम्नलिखित में से किस संगठन का उत्तराधिकारी है ?

(अ) जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड एण्ड टैरिफ (ब) जनरल एरेजमेंट ऑन ट्रेड एण्ड टेरिफ
(स) विश्व स्वास्थ्य संगठन (द) संयुक्त राष्ट्र संघ विकास कार्यक्रम **(अ)**

**अति–लघुत्तरात्मक प्रश्नः–**

प्रश्न 1 ''संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन मानवता को स्वर्ग पहुँचाने के लिए नहीं बल्कि उसे नरक से बचाने के लिए हुआ है'' यह कथन किसका है ?

उत्तर– डेग हैमरशोल्ड।

प्रश्न 2 संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई ?

उत्तर– 24 अक्टूम्बर, 1945

प्रश्न 3 संयुक्त राष्ट्र संघ के अंग है ?

उत्तर– 6

प्रश्न 4 1 नवम्बर, 1994 से संयुक्त राष्ट्र संघ का कौनसा अंग स्थगित है ?

उत्तर– न्यासिता परिषद्।

प्रश्न 5 संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय का प्रधान कहलाता है ?

उत्तर– महासचिव।

प्रश्न 6 संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव थे ?

उत्तर– ट्राईग्व ली।

प्रश्न 7 अन्तर्राष्ट्रीय आणविक ऊर्जा एजेन्सी (आई ए ई ए) का स्थापना वर्ष है ?

उत्तर– सन् 1957

प्रश्न 8 अन्तर्राष्ट्रीय संगठन होने का कोई एक लाभ उजागर कीजिए ?

उत्तर– अन्तर्राष्ट्रीय संगठन युद्ध और शान्ति के मामलों में मदद करते हैं।

प्रश्न 9 प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर– 24 अक्टूबर ।

प्रश्न 10 किस अन्तर्राष्ट्रीय संस्था के उत्तराधिकारी के रूप में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई ?

उत्तर– लीग ऑफ नेंशन।

प्रश्न 11 यू. एन. ओ. किस संगठन का संक्षिप्त नाम है ?

उत्तर– संयुक्त राष्ट्र संघ का।

प्रश्न 12 संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंगों के नाम लिखिए ?

उत्तर– (1) महासभा (2) सुरक्षा परिषद (3) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय
(4) सचिवालय (5) आर्थिक और सामाजिक परिषद (6) न्यासिता परिषद

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

प्रश्न 13 संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के समय कुल कितने सदस्य थे ?

उत्तर– 51

प्रश्न 14 संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

उत्तर– अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा स्थापित करना।

प्रश्न 15 संयुक्त राष्ट्र संघ के कुल कितने सदस्य है ?

उत्तर– 193 सदस्य (2011 के अनुसार)।

प्रश्न 16 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की संख्या है।

उत्तर– पाँच।

प्रश्न 17 संयुक्त राष्ट्र संघ की किन्हीं दो ऐजेंसियों के नाम लिखिए ?

उत्तर– (1) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (2) विश्व स्वास्थ्य संगठन

प्रश्न 18 विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश कौन सा है ?

उत्तर– भारत ।

प्रश्न 19 भारत की सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का विरोध करने वाले देशों के द्वारा दिये गये किन्हीं दो तर्क को लिखिए ?

उत्तर– 1. आलोचक देश भारत के परमाणु हथियारों को लेकर चिन्तित है।

2. कुछ आलोचक देशों का मत है कि पाकिस्तान के साथ सम्बंधों में कठिनाई के कारण भारत स्थायी सदस्य के रूप में अप्रभावी रहेगा।

प्रश्न 20 अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का प्रमुख कार्य क्या है ?

उत्तर– अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष वैश्विक स्तर को अर्थव्यवस्था की देख रेख करते हुए माँगें जाने पर अपने सदस्य देशों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।

प्रश्न 21 विश्व बैंक की औपचारिक स्थापना कब हुई। इसकी गतिविधियाँ मुख्यतया किन देशों से सम्बंधित है ?

उत्तर– द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात सन 1944 में विश्व बैंक की औपचारिक स्थापना हुई। इनकी गतिविधियाँ मुख्यतया विकासशील देशों से सम्बंधित है।

प्रश्न 22 विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई। विश्व व्यापार संगठन का क्या कार्य है ?

उत्तर– 1 जनवरी 1995 को, वैश्विक व्यापार के नियमों का निर्धारण करना।

प्रश्न 23 एमनेस्टी इण्टरनेशनल क्या है ?

उत्तर– एमनेस्टी इण्टरनेशनल एक स्वयंसेवी संगठन है जो सम्पूर्ण विश्व में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अभियान चलाता है।

प्रश्न 24 संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे बडे अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का नाम लिखिए ?

उत्तर– ह्यूमन राईट वॉच।

**लघुत्तरात्मक–प्रश्न :–**

प्रश्न 1 सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों का भौगोलिक विवरण किस प्रकार किया गया है ?

उत्तर– सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों का भौगोलिक विवरण इस प्रकार है – अफ्रीका और एशिया के पाँच सदस्य, पूर्व यूरोप का एक सदस्य, लातीन अमेरिका के दो सदस्य, पश्चिमी यूरोप तथा अन्य राज्यों के दो सदस्य।

प्रश्न 2 वीटो किसे कहते है ?

उत्तर– वीटो का शब्दार्थ है, मैं मना करता हूँ। सुरक्षा परिषद का कोई स्थायी सदस्य यदि किसी महत्वपूर्ण प्रश्न पर असहमति प्रकट करता है तो उसे अस्वीकृत कर दिया जाता है। उसके इस अधिकार/शक्ति को ही वीटो शक्ति कहा जाता है।

प्रश्न 3 संयुक्त राष्ट्र, सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता हेतु भारत की दावेदारी के समर्थन में दो तर्क लिखिए।

उत्तर– 1. भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है।

2. भारत सैनिक, आर्थिक तथा प्रौद्योगिक दृष्टि से एक सशक्त राष्ट्र है।

CREO BHINDER & VALLABHNAGAR

प्रश्न 4 'ग्लोबल वार्मिंग' की समस्या को स्पष्ट करें ?

उत्तर– 'ग्लोबल वार्मिंग' से आशय है – वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ने से तापमान में वृद्धि। इससे समुद्र तल की ऊँचाई बढ़ने का खतरा है। ऐसा होने पर विश्व के समुद्रतटीय इलाके जलमग्न हो सकते है। इस समस्या का सबसे प्रभावकारी समाधान वैश्विक तापवृद्धि को रोकना है।

प्रश्न 5 संयुक्त राष्ट्र संघ की चार विशिष्ट ऐजेन्सियों के नाम लिखो ?

उत्तर–
1. अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (I. L. O.)
2. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन
4. खाद्य एवं कृषि संगठन

प्रश्न 6 संयुक्त राष्ट्र संघ के कोई तीन सिद्धान्त लिखिए ?

उत्तर–
1. संयुक्त राष्ट्र संघ सदस्यों की समप्रभुता समानता पर आधारित है।
2. संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी सदस्य ईमानदारी से घोषणा–पत्र के अन्तर्गत निर्धारित दायित्वों का पालन करेंगे।
3. संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य अपने विवादों को शान्तिपूर्ण ढंग से निपटायेंगे।

प्रश्न 7 संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वितीय महासचिव कौन थे? उनके द्वारा किए गए कार्यों का विवरण लिखिए ?

उत्तर– संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वितीय महासचिव डेग हैमरशोल्ड थे। ये स्वीडन से थे तथा अर्थशास्त्री और वकील थे। उन्होनें स्वेज नहर से जुडे विवादों को सुलझाने तथा अफ्रीका के अनौपनिवेशीकरण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांगो संकट को सुलझाने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए मरणोपरांत इन्हे नोबेल शांति पुरूस्कार दिया गया। हालांकि सोवियत संघ और फ्रांस ने अफ्रीका में इनकी भूमिका की आलोचना की थी।

प्रश्न 8 संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष कौन से दो बुनियादी सुधारों का मसला है ?

उत्तर– संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष निम्न दो बुनियादी सुधारों का मसला है–
1. एक तो इस संगठन की बनावट ओर इसकी प्रक्रियाओं में सुधार किया जाए।
2. दूसरा, इस संगठन के न्यायाधिकार में आने वाले मुद्दों की समीक्षा की जाए।

प्रश्न 9 संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ? वर्तमान में इसके कितने सदस्य है ?

उत्तर– संयुक्त राष्ट्र संघ की विधिवत् स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 ई. को हुई थी। इस संस्था का मुख्य कार्यालय न्यूयार्क अमेरिका में है। वर्तमान संसार के छोटे–बडे लगभग 193 देश इसके सदस्य है।

प्रश्न 10 संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिये ?

उत्तर– उद्देश्य – संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के मुख्य उद्देश्य निम्न है ।
1. अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाये रखना।
2. भिन्न–भिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ाना।
3. आपसी सहयोग द्वारा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा मानवीय ढंग की अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं को हल करना।

प्रश्न 11 सुरक्षा परिषद के संगठन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये ?

उत्तर– सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र की कार्यपालिका के समान है। इसके 15 सदस्य होते है जिनमें पाँच स्थाई सदस्य है– अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस। इसके अलावा 10 अस्थायी सदस्य दो वर्षों के लिये महासभा द्वारा चुने जाते है। सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों को निषेधाधिकार प्राप्त है।

प्रश्न 12 एमनेस्टी इंटरनेशनल क्या है ?

उत्तर– एमनेस्टी इंटरनेशनल– एमनेस्टी इंटरनेशनल एक स्वयंसेवी संगठन है। यह पूरे विश्व में मानवाधिकारों की रक्षा के लिये अभियान चलाता है। यह संगठन मानवाधिकारों से जुडी रिपोर्ट तैयार और प्रकाशित करता है। ये रिपोर्ट मानवाधिकारों से संबंधित अनुसंधान और तरफदारी में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

CREO BHINDER & VALLABHNAGAR

प्रश्न 13 विश्व व्यापार संगठन क्या है ?

उत्तर— विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.)— विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organization) एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है। यह वैश्विक व्यापार के नियमों को तय करता है। इसकी स्थापना सन् 1995 में हुई है। इसके सदस्यों की संख्या 164 है।

प्रश्न 14 सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार क्यों दिया गया ?

उत्तर— सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार इसलिये दिया गया क्योंकि –

1. ये देश द्वितीय विश्व युद्ध के विजेता थे।
2. राजनीतिक मामलों में इनकी सहमति सर्वाधिक महत्वपूर्ण थी।
3. वीटो का अधिकार न देने पर संभवतः ये समस्याओं में अधिक रूचि नही लेते।

प्रश्न 15 मानवाधिकार परिषद् के संस्थापक कौन थे ? इनके कुछ प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन कीजिए ?

उत्तर— मानवाधिकार परिषद् के आयोग की स्थापना कोफी अन्नान ने की। कुछ उपलब्धियाँ निम्नलिखित है।

1. ये 1997 से 2006 तक संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव रहे।
2. इन्होनें एड्स, टीबी और मलेरिया से लडने के लिए एक वैश्विक कोष बनाया।
3. इन्होनें शान्ति संस्थापक आयोग की स्थापना 2005 में की।
4. महासचिव के रूप में किए गए कार्यों के कारण 2001 में इनको नोबेल पुरस्कार दिया गया।

प्रश्न 16 ''अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के हर सदस्य की राय का वजन बराबर नही है।'' स्पष्ट कीजिए ?

उत्तर— अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में 189 सदस्य है लेकिन हर सदस्य की राय का वजन बराबर नही हैं क्योंकि

1. समूह–7 के सदस्य (अमेरीका, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली और कनाड़ा) के पास 41.29% मत है। अकेले अमेरीका के पास 16.52% मताधिकार है।
2. अन्य अग्रणी सदस्यों में चीन (6.09%), भारत (2.64%), रूस (2.59%), ब्राजली (2.22%), और सऊदी अरब (0.02%) है।

प्रश्न 17 अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता क्यो हैं ?

उत्तर— अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता निम्न कारणों की वजह से हैः—

1. समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान हेतु।
2. ये संगठन सहयोग के उपाय जुटाने में सहायक होते है।
3. ये संगठन नियमों तथा नौकरशाही की रूपरेखा तैयार करते है।
4. ये शांति और प्रगति के प्रति मानवता की आशा का प्रतीक होते हैं।

प्रश्न 18 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्यों के नाम बताईये तथा इसकी कार्यप्रणाली की कमियाँ बताइये ?

उत्तर— सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्य है –(1) अमेरीका (2) फ्रांस (3) ब्रिटेन (4) रूस (5) चीन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की कमियाँ ये है :—

1. सुरक्षा परिषद अब राजनीति वास्तविकताओं की नुमाईंदगी नहीं करती।
2. इसके फैसलों पर पश्चिमी मूल्यों ओर हितों की छाप तथा चंद देशों का दबदबा होता है।
3. इसमें बराबर का प्रतिनिधित्व नहीं है।

प्रश्न 19 अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये ?

उत्तर— अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोषः— यह संगठन वैश्विक स्तर की वित्त व्यवस्था की देखरेख करता है और मांगे जाने पर वित्तीय तथा तकनीकी सहायता मुहैया करता है। वैश्विक स्तर की वित्त व्यवस्था का आशय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली वित्तीय संस्थाओं और लागू होने वाले नियमों से है। वर्तमान में 189 देश अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सदस्य है लेकिन हर सदस्य की राय का वजन बराबर नहीं है। समूह–7 के सदस्य (अमेरीका, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली और कनाड़ा) के पास 41.29 प्रतिशत मत है। अन्य अग्रणी सदस्यों में चीन (6.09 प्रतिशत), भारत (2.64 प्रतिशत), रूस (2.59 प्रतिशत), ब्राजील (2.22 प्रतिशत), और सऊदी अरब (0.02 प्रतिशत) है।

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

प्रश्न 20 विश्व बैंक की स्थापना कब हुई ? इसके प्रमुख कार्यों को संक्षेप में बताइए ?

उत्तर– **विश्व बैंक**– दूसरे विश्व युद्ध के तुरन्त बाद सन् 1945 में विश्व बैंक की औपचारिक स्थापना हुई।

**विश्व बैंक के कार्य**– विश्व बैंक की गतिविधियाँ प्रमुख रूप से संबंधित है यथा –

1. यह बैंक मानवीय विकास (शिक्षा, स्वास्थ्य) कृषि और ग्रामीण विकास (सिंचाई, ग्रामीण सेवाएँ) पर्यावरण सुरक्षा (प्रदूषण में कमी, नियमों का निर्माण और उन्हें लागू करना), आधारभूत ढ़ाँचा (सड़क, शहरी विकास, बिजली) तथा सुशासन (कदाचार का विरोध, विधिक संस्थाओं का विकास) के लिए काम करता है।
2. यह अपने सदस्य देशों को आसान ऋण और अनुदान देता है। ज्यादा गरीब देशों को ये अनुदान वापिस नहीं चुकाने पडते। इस अर्थ में यह संस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करती है।

प्रश्न 21 अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता के कोई दो बिन्दु बताइये ?

उत्तर– अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता – अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता को निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तर्गत स्पष्ट किया गया है –

1. समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान के लिए आवश्यक :– बातचीत के माध्यम से दो या अधिक देशों के मध्य के झगड़ों और विभेदों को बिना युद्ध के हल करने की दृष्टि से अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अन्तर्राष्ट्रीय संगठन समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान में सदस्य देशो की मदद करते हैं।
2. चुनौतीपूर्ण समस्याओं को निपटाने में विभिन्न देशों को मिलकर कार्य करने में सहायता करना:– अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ऐसी चुनौतिपूर्ण समस्याओं को निपटाने के लिए आवश्यक है, जिनसे निपटने के लिए विभिन्न देशों को मिलाकर सहयोग करना आवश्यक है।

प्रश्न 22 सुरक्षा परिषद के स्थायी व अस्थायी सदस्यों के लिए सुझाये गये कोई चार मानदण्ड बताइये ?

उत्तर– सुरक्षा परिषद के स्थायी व अस्थयी सदस्यों के लिए चार आवश्यक मानदण्ड ये होने चाहिए –

(1) वह देश तथा जनसंख्या की दृष्टि से बड़ा देश हो।

(2) वह एक लोकतांत्रिक देश हो।

(3) वह आर्थिक तथा सैनिक शक्ति के रूप में उभर रहा हो तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में अपना नियमित योगदान देता आ रहा हो

(4) वह संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाल करने के प्रयासों में निरन्तर अपनी प्रभावी भूमिका निभाता आ रहा हो।

प्रश्न 23 'पारस्परिक निर्भरता' से आप क्या समझते है ?

उत्तर– 'पारस्परिक निर्भरता'– हालांकि संयुक्त राष्ट्र संघ में थोडी कमियाँ है लेकिन इसका अस्तित्व आवश्यक है क्योंकि इसके बिना दुनिया और बदहाल हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व के सात अरब लोगों को एक साथ रहने के लिए मददगार है। आज विभिन्न समाजों और मसलों के बीच तार जुडते जा रहे हैं, इसे ही 'पारस्परिक मददगार' का नाम दिया गया है।

प्रश्न 24 संयुक्त राष्ट्र संघ की सफलताओं पर प्रकाश डालिये ?

उत्तर– संयुक्त राष्ट्र संघ की सफलताओं को निम्न बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है –

1. आंतकवाद का विरोध करने में। 2. निःशस्त्रीकरण।

3. शान्ति एवं सुरक्षा की स्थापना करने में। 4. अन्तर्राष्ट्रीय भावना का विकास करने में।

5. मानवाधिकारों का संरक्षण करने में।

प्रश्न 25 संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंगों का उल्लेख कीजिए ?

उत्तर– (1) महासभा (2) सुरक्षा परिषद (3) आर्थिक और सामाजिक परिषद।
(4) न्यासिता परिषद (5) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (6) सचिवालय

प्रश्न 26 भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के ढाँचें में बदलाव के मसले का किन किन आधारों पर समर्थन दिया है ?

उत्तर– ढाँचें के बदलाव के मसले को कई आधारों पर समर्थन दिया है वह है–
(1) परिवर्तित विश्व में भूमिका (2) सहयोग एवं विकास (3) सुरक्षा परिषद की संरचना
(4) विकासशील देशों का महत्व (5) सुरक्षा परिषद में सदस्यों की संख्या

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

प्रश्न 27 सुरक्षा परिषद के कार्य क्या है ?

उत्तर– सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र संघ का महत्वपूर्ण अंग है। इसमें 15 सदस्य होते है। पाँच सदस्य स्थायी है। संयुक्त राज्य अमेरीका, रूस, चीन, फ्रांस व ब्रिटेन इसमें अतिरिक्त 10 अस्थायी सदस्य भी होते है। जिनका चुनाव महासभा द्वारा दो वर्षों के लिए किया जाता है। सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों को निषेधाधिकार की शक्ति प्राप्त है। यदि कोई स्थायी सदस्य यदि किसी महत्वपूर्ण वीटो प्रश्न पर असहमति प्रकट करता है। उस प्रश्न को अस्वीकृत कर दिया जाता है।

प्रश्न 28 द्वितीय विश्व युद्ध काल में संयुक्त राष्ट्र संघ के विकास क्रम को बताइए ?

उत्तर– राष्ट्र–संघ की असफलता एवं द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के प्रयासः–

1. अटलांटिक चार्ट 1941
2. संयुक्त राष्ट्र घोषण पत्र 1942
3. याल्टा सम्मेलन 1945
4. सेन फ्रांसिस्को सम्मेलन (अप्रेल मई 1945)
5. संयुक्त राष्ट्र संघ चार्टर पर हस्ताक्षर 1945

प्रश्न 29 संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कैसे की गई थी? समझाइए।

उत्तर– 24 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के पश्चात राष्ट्र संघ के अस्तित्व को समाप्त कर दिया। भारत 30 अक्टूम्बर 1945 को संयुक्त राष्ट्र–संघ में सम्मिलित हो गया। 2011 में इनकी संख्या 193 थी।

**उद्देश्य** :–

1. अन्तर्राष्ट्रीय झगडों को रोकना एवं शान्ति स्थापित करना।
2. राष्ट्रों के मध्य सहयोग स्थापित करना।
3. समस्त विश्व में सामाजिक–आर्थिक विकास की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों को साथ लाना।

## पाठ–7 : समकालोन विश्व में सुरक्षा

प्रश्न 1 सुरक्षा का क्या अर्थ (आशय) है?

उत्तर– सुरक्षा का आशय विभिन्न प्रकार के खतरों से मुक्ति या आजादी।

प्रश्न 2 सुरक्षा की अवधारणा कितने प्रकार की है?

उत्तर– दो प्रकार की– (1) पारंपरिक (2) अपारंपरिक।

प्रश्न 3 आतंकवाद सुरक्षा के लिए खतरा किस श्रेणी में आता है?

उत्तर– अपारंपरिक श्रेणी।

प्रश्न 4 पारंपरिक सुरक्षा की धारणा के अन्तर्गत ''अपरोध'' का क्या अभिप्राय है?

उत्तर– 'अपरोध' से आशय – युद्ध की आशंका को रोकना।

प्रश्न 5 पारंपरिक बाह्य सुरक्षा नीति के कोई दों तत्व लिखिए?

उत्तर– (1) शक्ति संतुलन (2) गठबंधन बनाना।

प्रश्न 6 सुरक्षा की अपारंपरिक धारणा को क्या कहां जाता है?

उत्तर– ''मानवता की सुरक्षा'' अथवा ''विश्व रक्षा'' कहा जाता है।

प्रश्न 7 मानवता की सुरक्षा का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

उत्तर– मानवता की सुरक्षा का प्राथमिक लक्ष्य व्यक्तियों की सुरक्षा है।

प्रश्न 8 मानव सुरक्षा के किन्हीं दों खतरों का उल्लेख कीजिए?

उत्तर– (1) पर्यावरण ह्रास (2) युद्ध।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 9 पारंपरिक सुरक्षा से क्या आशय है?

उत्तर– पारंपरिक सुरक्षा से आशय ''हिंसा का प्रयोग जहां तक हो सके कम से कम होना चाहिए।

प्रश्न 10 निःशस्त्रीकरण से क्या आशय है?

उत्तर– निःशस्त्रीकरण से अभिप्राय हथियारों का निर्माण या उनको हासिल करने पर अंकुश लगाना।

प्रश्न 11 ग्लोबल वार्मिंग से क्या आशय है?

उत्तर– विश्व के तापमान का लगातार बढना ग्लोबल वार्मिंग है।

प्रश्न 12 परमाणु अप्रसार संधि किस वर्ष में हुई?

उत्तर– 1968 में।

प्रश्न 13 अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकवादियों ने हमला कब किया?

उत्तर– 11 सितम्बर 2001

प्रश्न 14 क्योटो प्रोटोकाल संधि कब हुई?

उत्तर– 1997 में।

प्रश्न 15 ''क्योटो प्रोटोकाल'' क्या है?

उत्तर– ''क्योटों प्रोटोकाल'' (जापान) में वैश्विक तापवृद्धि पर नियंत्रण करने के लिए ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के सम्बंध में दिशा निर्देश दिए गए है।

प्रश्न 16 अस्त्र नियन्त्रक से क्या आशय है?

उत्तर– अस्त्र नियंत्रण का आशय है हथियारों को सुरक्षित करने अथवा उनको हासिल करने के सम्बंध में कुछ कानूनों का पालन करना।

प्रश्न 17 आतंकवाद का क्या अभिप्राय है?

उत्तर– आतंकवाद का अर्थ भय या दहशत पैदा करना, जिसका निशाना नागरिक होतें है।

प्रश्न 18 आतंकवाद के कोई दों रूप लिखिए?

उत्तर–
1. विमान अपहरण करना।
2. भीड़ भरी जगहों पर विस्फोट करना।

प्रश्न 19 मानवाधिकारों को कितनी श्रेणियों में रखा गया है?

उत्तर– तीन श्रेणी में–
1. राजनैतिक अधिकार
2. आर्थिक व सामाजिक अधिकार
3. जातीय अथवा मूलवासी अल्पसंख्यकों के अधिकार

प्रश्न 20 आन्तरिक रूप से ''विस्थापित जन'' से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– जो लोग राजनीतिक उत्पीड़न जातीय हिंसा आदि किसी कारण से अपना घर–बारछोड़कर अपने ही राष्ट्र की सीमा के भीतर रह रहे हो, उन्हे आन्तरिक रूप से विस्थापित जन कहा जाता है।

CBEO DHINDER & VALLABHANAGAR

# पाठ–8 : पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन

प्रश्न 1 भारत ने पेरिस जलवायु समझौते का अनुमोदन कब किया?

उत्तर– 2 अक्टूबर 2016

प्रश्न 2 रियो पृथ्वी सम्मेलन में कितने देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया?

उत्तर– 170 देशों ने।

प्रश्न 3 पृथ्वी सम्मेलन कौनसे शहर मे आयोजित हुआ?

उत्तर– रियो डी जेनेरियो (ब्राजील), 1992 में।

प्रश्न 4 किस वर्ष भारत ने क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये थे?

उत्तर– सन् 2002 में।

प्रश्न 5 किस वर्ष मॉण्ट्रियल प्राटोकॉल समझौता हुआ?

उत्तर– सन् 1987 में।

प्रश्न 6 क्लब ऑफ रोम ने सन् 1972 में कौनसी पुस्तक प्रकाशित की?

उत्तर– लिमिट्स टू ग्रोथ।

प्रश्न 7 भारत में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम कब पारित हुआ?

उत्तर– सन् 2001 में।

प्रश्न 8 मूलवासियों की शुरूआती परिभाषा कब व किसने की?

उत्तर– मूलवासियों की शुरूआती परिभाषा सन् 1982 में संयुक्त राष्ट्र–संघ ने दी है।

प्रश्न 9 सन् 1970 के दशक में अफ्रीका की सबसे बडी विपदा कौन–सी थी?

उत्तर– सन् 1970 के दशक में अफ्रीका की सबसे बडी विपदा अनावृष्टि थी।

प्रश्न 10 संयुक्त राष्ट्र संघ ने सर्वप्रथम किस परिषद् को परामर्शदात्री परिषद् का दर्जा दिया?

उत्तर– वर्ल्ड काउंसिल ऑफ इंडिजिनस पीपल को।

प्रश्न 11 टिकाऊ विकास का तरीका क्या है?

उत्तर– पर्यावरण को नुकसान पहुँचाये बिना होने वाले आर्थिक विकास को टिकाऊ विकास का तरीका कहा जाता है।

प्रश्न 12 यू.एन.ई.पी. क्या है?

उत्तर– यू.एन.ई.पी. संयुक्त राष्ट्र संघ की पर्यावरण कार्यक्रम से सम्बद्ध एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है, इसका पूरा नाम यूनाइटेड नेशन्स एनवायरमेन्ट प्रोग्राम (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम) है।

प्रश्न 13 पावन वन प्रान्तर या देवस्थान क्या है?

उत्तर– पावन वन प्रान्तर प्रथा में वनों के कुछ हिस्सों को काटा नहीं जाता। इन स्थानों पर देवता का वास माना जाता है। इन्हें ही पावन वन प्रान्तर या देवस्थान कहा जाता है।

प्रश्न 14 मॉण्ट्रियल प्रोटोकॉल किसके रक्षण से सम्बन्धित है?

उत्तर– ओजोन परत।

प्रश्न 15 विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?

उत्तर– 5 जून को।

प्रश्न 16 क्योटो प्रोटोकॉल सम्मेलन कब व किस देश में हुआ?

उत्तर– क्योटो प्रोटोकॉल सम्मेलन सन् 1997 में जापान में क्योटो शहर मे हुआ।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 17 क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से छूट प्राप्त किन्हीं दो देशों के नाम लिखिए?

उत्तर– (1) भारत (2) चीन

प्रश्न 18 वैश्विक सम्पदा क्या है?

उत्तर– वह सम्पदा जिस पर किसी एक संप्रभु राष्ट्र का अधिकार नहीं होता बल्कि सम्पूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय साझे के तौर पर उसका प्रबन्धन करता है, वैश्विक सम्पदा कहलाती है।

प्रश्न 19 वैश्विक सम्पदा के कोई चार उदाहरण दीजिए?

उत्तर– (1) पृथ्वी का वायुमण्डल (2) अंटार्कटिका (3) समुद्री सतह (4) बाह्य अन्तरिक्ष

प्रश्न 20 वैश्विक सम्पदा की सुरक्षा के लिये किये गये किन्हीं तीन समझौते के नाम लिखिए ?

उत्तर– 1. अंटार्कटिका संधि, 1959

2. मांट्रियल न्यायाचार, 1987

3. अंटार्कटिका पर्यावरणीय न्यायाचार, 1991

प्रश्न 21 मूलवासी का अर्थ बताइए ?

उत्तर– जनता का वह भाग किसी वन प्रदेश या अन्य भू भाग मे आदिकाल से निवास करते चले आ रहे हो, वह सम्बन्धित क्षेत्र के मूलवासी कहलाते है।

प्रश्न 22 मूलवासियों के प्रमुख स्थाना कहाँ–कहाँ है?

उत्तर– मूलवासियों के प्रमुख स्थान मध्य व दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण–पूर्व एशिया व भारत है।

प्रश्न 23 भारत में किन लोगों को ''मूलवासी'' कहा जाता है?

उत्तर– भारत में अनुसूचित जनजाति के लोगों को मूलवासी कहा जाता है।

प्रश्न 24 वर्ल्ड काउंसिल ऑफ इंडिजिनल पीपल का गठन कब हुआ?

उत्तर– सन् 1975 में।

प्रश्न 25 पर्यावरण आन्दोलन को परिभाषित कीजिए?

उत्तर– पर्यावरण की हानि की चुनौतियों से निपटने के लिए सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर किया जाने वाला आन्दोलन पर्यावरण आन्दोलन कहलाता है।

प्रश्न 26 सरकार द्वारा प्रदूषण को रोकने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए कोई दो उपाय बताइए?

उत्तर– 1. भारत ने अपनी ''नेशनल ऑटो फ्यूल पॉलिसी'' के अन्तर्गत वाहनों के लिए स्वच्छ तर ईधन अनिवार्य कर दिया है।

2. सन् 2003 के बिजली अधिनियम मे नव्यकरणीय ऊर्जा के प्रयोग को बढावा दिया गया।

प्रश्न 27 रियो सम्मेलन की सिफारिशों (सुझावों) को किस नाम से जाना जाता है?

उत्तर– एजेण्डा–21 के नाम से।

प्रश्न 28 साझी सम्पदा क्या है?

उत्तर– वे संसाधन जिन पर किसी एक का वास्तविक अधिकार न होकर सम्पूर्ण समुदाय का अधिकार होता है। साझी सम्पदा कहलाती है।

प्रश्न 29 साझी सम्पदा के कोई दो उदाहरण दीजिए?

उत्तर– (1) चारागाह (2) मैदान

प्रश्न 30 विश्व में खाद्यान्न की कमी के दो कारण बताइए?

उत्तर– 1. विश्व में खाद्यान्न उत्पादन मे कमी का प्रमुख कारण कृषि योग्य भूमि का न बढ़ना तथा वर्तमान कृषि योग्य भूमि की उपजाऊ शक्ति का निरन्तर कम होना है।

2. जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 31 प्राकृतिक वनों से होने वाले दो लाभ लिखिए?

उत्तर– 1. प्राकृतिक वन जल चक्र को संतुलित बनाकर रखते है।

2. प्राकृतिक वन जलवायु को संतुलित करने मे सहायता प्रदान करते है।

प्रश्न 32 ओजोन परत मे छेद होने से पारिस्थितिकी तंत्र पर क्या प्रभाव पडेगा?

उत्तर– 1. पराबैगनी किरणें पृथ्वी पर पहुँचेगी जिससे खतरनाक तथा जानलेवा बीमारियाँ उत्पन्न होगी।

2. पराबैगनी किरणों के पृथ्वी के वायुमण्डल में प्रवेश करने से पेड़ पौधों तथा जीव जन्तुओं पर अत्यधिक बुरा प्रभाव पडेगा।

**लघुत्तरात्मक–प्रश्न :–**

प्रश्न 1 मूलवासियों की प्रमुख माँगे क्या है?

उत्तर– मूलवासियों की प्रमुख माँगे निम्नलिखित है –

1. विश्व में मूल वासियों को बराबरी का दर्जा प्राप्त हो।
2. मूल वासियों के आर्थिक संसाधनों का अधिकाधिक दोहन नहीं किया जाना चाहिए।
3. मूल वासियों को देश के विकास का लाभ मिलना चाहिए।
4. मूलवासियों को अपनी स्वतंत्र पहचान रखनेवाले समुदाय के रूप में जाना जाए।

प्रश्न 2 विश्व के विभिन्न भागों में खनिज उद्योग की आलोचना तथा विरोध क्यों होता है? कोई एक प्रमुख कारण दीजिए?

उत्तर– विश्व के विभिन्न भागों में खनिज उद्योग की आलोचना तथा विरोध होता है क्योंकि खनिज उद्योग पृथ्वी के अन्दर उपस्थित संसाधनों को बाहर निकालता है, रसायनों का भरपूर उपयोग करता है, भूमि एवं जल मार्गो को प्रदूषित करता है तथा स्थानीय वनस्पतियों का विनाश करता है जिसके कारण जन समुदायों को विस्थापित होना पड़ता है।

उदाहरण – फिलीपीन्स– इसमें कई समूहों तथा संगठनों ने संयुक्त रूप से आस्ट्रेलियाई बहुराष्ट्रीय कम्पनी ''वेस्टनमाईनिंग कॉरपोरेशन'' के विरूद्ध अभियान चलाया था।

प्रश्न 3. रियो सम्मेलन के क्या परिणाम हुए?

उत्तर– रियो सम्मेलन के निम्न परिणाम हुए–

1. इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप विश्व राजनीति के दायरे में पर्यावरण को लेकर बढ़ते सरोकारों को एक ठोस रूप मिला।
2. भविष्य के विकास के लिए ''एजेण्डा–21'' प्रस्तावित किया गया जिसमें विकास के कुछ तौर–तरीके भी सुझाए गए।
3. इसमें टिकाऊ विकास की धारणा को विकास रणनीति के रूप में समर्थन प्राप्त हुआ।
4. रियो सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और वानिकी के सम्बन्ध में कुछ नियमाचार निर्धारित किए गए।
5. इस सम्मेलन में पर्यावरण रक्षा के बारें में धनी व गरीब देशों अथवा उत्तरी गोलार्द्ध व दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों के दृष्टिकोण में मतभेद उभरकर सामने आए। भारत व चीन तथा ब्राजील जैसे विकासशील देशों का तर्क था कि चूँकि प्राकृतिक संसाधनो का दोहन विकसित देशों ने अधिक किया है, अतः वे पर्यावरण क्षरण के लिए अधिक उत्तरदायी है।
6. रियो सम्मेलन ने यह स्वीकार किया कि अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण कानून के निर्माण, प्रयोग और व्याख्या में विकासशील देशों की विशिष्ट जरूरतों का लेकिन अलग–अलग भूमिका का सिद्धान्त स्वीकृत किया गया।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 4 वैश्विक पर्यावरण की सुरक्षा से जुडे मुद्दे सन् 1990 के दशक से विभिन्न देशों के प्राथमिक सरोकार क्यों बन गए है?

उत्तर– वैश्विक पर्यावरण की सुरक्षा से जुडे मुद्दे 1990 के दशक में निम्न कारणों से विभिन्न देशों के प्राथमिक सरोकार बन गए है–

1. **खाद्यान्न उत्पादन में कमी आना**– दुनियाँ में जहाँ जनसंख्या बढ़ रही है, वहीं कृषि योग्य भूमि में कोई बढ़ोतरी नहीं हो रही है। इस कारण जलाशय में कमी, चरागाहों की समाप्ति तथा भूमि का अधिक सघन उपयोग में उसकी उर्वरता कम हो रही है।
2. **जैव विविधता का क्षय होना**– वनों की कटाई से जैव विविधता का क्षरण तथा जलवायु परिवर्तन का खतरा उत्पन्न हो गया।
3. **ओजोन परत का क्षय होना**– सी.एफ.सी. गैसों के उत्सर्जन से ओजोन परत का क्षय हो रहा है वहीं ग्रीन गैसों के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या खडी हो गई है। इससे कई देशों के जलमग्न होने का खतरा बढ़ गया है।
4. **स्वच्छ जल की उपलब्धता में कमी आना**– संयुक्त राष्ट्र संघ की विश्व विकास रिपोर्ट, सन् 2016 के अनुसार जलस्त्रोतों के प्रदूषण के कारण दुनिया की 66.3 करोड़ जनता को साफ पानी उपलब्ध नहीं होता।

प्रश्न 5 ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने हेतु भारत द्वारा किए गए किन्हीं चार प्रयासों का उल्लेख कीजिए ?

उत्तर– ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को नियन्त्रित करने हेतु भारत द्वारा किए गए निम्न चार प्रयास विशेष रूप से उल्लेखनीय है–

1. भारत ने क्योटो प्रोटोकॉल को सन् 2002 में हस्ताक्षरित करके उसका अनुमोदन किया है।
2. भारत बायो डीजल से सम्बन्धित एक राष्ट्रीय मिशन चलाया जा रहा है।
3. सन् 2001 में पारित ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत ऊर्जा के अधिक कारगर उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है।
4. भारत ने अपनी राष्ट्रीय मोटर कार ईधन नीति के अन्तर्गत वाहनों के लिए स्वच्छतर ईधन अनिवार्य कर दिया है।

प्रश्न 6 अंटार्कटिका महाद्वीप की विशेषताएँ एवं महत्त्व बताइए ?

उत्तर– अंटार्कटिका महाद्वीप की विशेषताएँ–

1. अंटार्कटिका महादेशीय क्षेत्र का विस्तार 1 करोड 40 लाख वर्ग करोड़ किमी. में है।
2. यह विश्व का सबसे सुदूर ठण्डा एवं झंझावती प्रदेश है।
3. विश्व के निर्जन क्षेत्र का 26 प्रतिशत भाग इस महाद्वीप के अन्तर्गत आता है।
4. इस महादेश का 3 करोड 60 लाख वर्ग किमी. तक अतिरिक्त विस्तार समुद्र में है।
5. स्थलीय हिम का 90 प्रतिशत भाग एवं धरती के स्वच्छ जल का 70 प्रतिशत भाग इस महाद्वीप में मौजूद है।

**महत्त्व**–

1. इस महाद्वीपीय क्षैत्र में समुद्री पारिस्थितिकी तन्त्र अत्यन्त उर्वर पाया जाता है।
2. क्षैत्र वैज्ञानिक अनुसंधान, मत्स्य आखेट एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।
3. अंटार्कटिका महाद्वीप विश्व की जलवायु को संतुलित रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है।
4. इस महाद्वीपीय प्रदेश में जमी बर्फ से लाखों वर्ष पूर्व का वायुमण्डलीय तापमान का पता लगाया जा सकता है।

# पाठ–9 : वैश्वीकरण

अति लघुत्रात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 वैश्वीकरण के लिए प्रयुक्त अंग्रेजी भाषा का शब्द क्या है ?

उत्तर:– ग्लोबलाइजेशन

प्रश्न 2 एक अवधारणा के रूप में वैश्वीकरण की बुनियादी बात क्या है ?

उत्तर:– प्रवाह

प्रश्न 3 क्या वैश्वीकरण केवल आर्थिक घटना है ?

उत्तर:– नहीं, यह मान लेना गलत है ।

प्रश्न 4 वैश्वीकरण के लिए अपरिहार्य जिम्मेदार कारक क्या है ?

उत्तर:– प्रौद्योगिकी

प्रश्न 5 वैश्वीकरण की शुरुआती तकनीक क्या थी ?

उत्तर:– छपाई (मुद्रण)

प्रश्न 6 संचार क्रांति के मुख्य उपकरण क्या है?

उत्तर:– टेलीग्राफ, टेलीफोन और माइक्रोचिप

प्रश्न 6 वैश्वीकरण के दोहरे प्रभाव के प्रकार लिखिए ?

उत्तर:– सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव

प्रश्न 7 नीली जींस की लोकप्रियता का रिश्ता किस देश की जीवन शैली से है

उत्तर:– अमेरिकी शैली

प्रश्न 8 भारत में आर्थिक सुधारों की योजना (उदारीकरण) कब शुरू हुई ?

उत्तर:– 1991 में

प्रश्न 9 औपनिवेशिक साम्राज्यवाद में अग्रणी देश कौन सा था ?

उत्तर:– ब्रिटेन

प्रश्न 10 1999 में विश्व व्यापार संगठन की मंत्री स्तरीय बैठक कहां हुई ?

उत्तर:– सिएटल (अमेरिका)

प्रश्न 11 वर्ल्ड सोशल फोरम की पहली बैठक कब व कहां हुई ?

उत्तर:– 2001 में ब्राजील के पोटो अलगिरे में

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 वैश्वीकरण से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर विश्व के एक हिस्से से विचारों, पूंजी, वस्तुओं एवं लोगों की कई देशों में अबाध आवाजाही को वैश्वीकरण कहा जाता है

प्रश्न 2 वैश्वीकरण के बहू आयाम क्या है ?

उत्तर वैश्वीकरण के बहुआयाम राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक है

प्रश्न 3 बहुराष्ट्रीय निगम किसे कहते हैं

उत्तर ऐसी वाणिज्यिक कंपनियां जिनका विस्तार देश की सीमा से बाहर अनेक देशों में होता है बहुराष्ट्रीय निगम कहते हैं

प्रश्न 4 वैश्वीकरण के कारण राज्य (सरकार) की क्षमता में क्या बदलाव आया है

उत्तर वैश्वीकरण के कारण राज्य की संप्रभुता की परंपरागत धारणा कमजोर हुई है तथा इसकी जगह न्यूनतम हस्तक्षेपकारी राज्य ने ले ली है

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 5 विश्व भर में आर्थिक नीतियों के निर्धारण में मुख्य भूमिका निभाने वाले दो आर्थिक संगठनों के नाम लिखिए ?

उत्तर 1 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष 2 विश्व व्यापार संगठन

प्रश्न 6 वैश्वीकरण के राजनीतिक प्रभाव लिखिए ?

उत्तर वैश्वीकरण के चलते पूरे विश्व में बहुराष्ट्रीय निगम अपने पैर पसार चुके हैं और उनकी भूमिका बड़ी है इससे सरकारों को अपने दम पर फैसला करने की क्षमता में कमी आती है

प्रश्न 7 वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभाव लिखिए ?

उत्तर वैश्वीकरण के चलते पूरी दुनिया में वस्तुओं व सेवाओं के व्यापार में इजाफा हुआ है अलग.अलग देश अपने यहां होने वाले आयातो पर प्रतिबंध लगाते थे लेकिन अब यह प्रतिबंध कम हो गए हैं पूंजी व लोगों का प्रवाह पहले की अपेक्षा अबाद हो उठा है

प्रश्न 8 वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभाव लिखिए

उत्तर वैश्वीकरण के चलते विश्व संस्कृति का उदय हो रहा है वैश्वीकरण के कारण हर संस्कृति कहीं ज्यादा अलग और विशिष्ट होते जा रही है

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

# पाठ–10 : राष्ट्र निर्माण की चुनौतियाँ

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–**

प्रश्न 1. भारत आजाद कब हुआ?
उत्तर– 14–15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को।
प्रश्न 2. भारत का स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है ?
उत्तर– 15 अगस्त को।
प्रश्न 3. पाकिस्तान का स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है ?
उत्तर– 14 अगस्त को।
प्रश्न 4. स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे ?
उत्तर– पंडित जवाहर लाल नेहरु।
प्रश्न 5. 14–15 अगस्त की मध्यरात्रि को प्रधानमंत्री नेहरु ने संविधान सभा के विशेष सत्र में एक भाषण दिया, उसे किस नाम से जाना जाता है ?
उत्तर– भाग्य वधु से चिर प्रतीक्षित भेंट या ट्रिस्ट विद डेस्टिनी।
प्रश्न 6. अभूतपूर्व हिंसा एवं विस्थापन की त्रासदी का वर्ष किसे कहा जाता है?
उत्तर– 1947 को।
प्रश्न 7. 15 अगस्त को देश का प्रधानमंत्री देश की जनता को कहाँ से संबोधित करता है ?
उत्तर– लाल किले की प्राचीर से (नई दिल्ली )।
प्रश्न 8. स्वतंत्र भारत के सम्मुख दो प्रमुख चुनौतियाँ लिखो ?
उत्तर– विविधता में एकता के दर्शन कराने वाले एक राष्ट्र के निर्माण की।
1. लोकतंत्र की स्थापना करने की।
2. समाज के गरीब एवं वंचित तबके के विकास करने की।
प्रश्न 9. भारत गणतंत्र कब बना ?
उत्तर– 26 जनवरी 1950 को।
प्रश्न 10. 1947 की त्रासदी को अपनी रचनाओं से प्रस्तुत करने वाले दो प्रमुख रचनाकारों के नाम लिखो।
उत्तर– 1. फैज अहमद फैज 2. अमृता प्रीतम
प्रश्न 11. कायदे आजम या पाकिस्तान का राष्ट्रपिता किसे कहाँ जाता है ?
उत्तर– मोहम्मद अली जिन्ना को ।
प्रश्न 12. मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई ?
उत्तर– 1906 में।
प्रश्न 13. द्वि–राष्ट्रवाद का नारा किसने दिया ?
उत्तर– मोहम्मद अली जिन्ना एवं मुस्लिम लीग ने।
प्रश्न 14. धर्म के आधार पर कोनसा राष्ट्र बना ?
उत्तर– पाकिस्तान।
प्रश्न 15. भारत विभाजन की योजना को किस नाम से जाना जाता है ?
उत्तर– माउंटबेटन योजना (3 जून 1947 )।
प्रश्न 16. भारत का अंतिम गवर्नर जनरल कौन था ?
उत्तर– लार्ड माउंट बेटन।
प्रश्न 17. स्वतंत्र भारत का प्रथम गवर्नर जनरल कौन था ?
उत्तर– लार्ड माउंट बेटन।
प्रश्न 18. स्वतंत्र भारत का प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल कौन था ?
उत्तर– सी. राजगोपालाचारी।
प्रश्न 19. 1951 में भारत की आबादी में मुसलमानों की जनसंख्या कितनी थी ?
उत्तर– 12%
प्रश्न 20. विभाजन की त्रासदी से सम्बंधित दो फिल्मों के नाम लिखो ?
उत्तर– गर्म हवा और पिंजर।
प्रश्न 21. विभाजन से सबसे अधिक प्रभावित दो राज्यों के नाम लिखों ?
उत्तर– पंजाब और पश्चिम बंगाल।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 22. साम्प्रदायिक हिंसा के विरोध में महात्मा गांधी ने प्रथम बार उपवास कब एवं कहाँ रखा ?
उत्तर– जनवरी 1948, कोलकाता में।

प्रश्न 23. महात्मा गांधी की हत्या कब व किसने की ?
उत्तर– 30 जनवरी 1948 को नाथूराम विनायक गोडसे ने।

प्रश्न 24. स्वतंत्रता के समय भारत में रजवाड़ो की संख्या कितनी थी ?
उत्तर– 565

प्रश्न 25. अंग्रेज किस नीति में विश्वास रखते थे ?
उत्तर– फूट डालो और राज करो।

प्रश्न 26. सबसे पहले कहाँ के राजा ने अपने राज्य को स्वतंत्र रखने की घोषणा की ?
उत्तर– त्रावणकौर के राजा ने।

प्रश्न 27. संविधान सभा में शामिल होने से किस नवाब ने मना किया ?
उत्तर– भोपाल के नवाब ने।

प्रश्न 28. देशी रियासतों के एकीकरण का श्रेय किसे है ?
उत्तर– सरदार वल्लभभाई पटेल (लौह पुरुष ) को ।

प्रश्न 29. रजवाड़ो के शासक भारतीय संघ में शामिल होने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते थे, उसे क्या कहा जाता था ?
उत्तर– इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेसन।

प्रश्न 30. ऐसी चार रियासतों के नाम लिखों जिनका एकीकरण भारतीय संघ में कठिनाईयों से हुआ ?
उत्तर– 1. जूनागढ़ 2. हैदराबाद 3. मणिपुर 4. जम्मू कश्मीर।

प्रश्न 31 हैदराबाद के शासक को क्या कहा जाता था ?
उत्तर– निजाम।

प्रश्न 32. हैदराबाद के निजाम ने अपनी रियासत के लिए क्या चुना ?
उत्तर– स्वतंत्र रियासत।

प्रश्न 33 हैदराबाद के निजाम के खिलाफ किस स्थान के किसानों ने आन्दोलन किया ?
उत्तर– तेलंगाना के किसानों ने।

प्रश्न 34. हैदराबाद का निजाम आंदोलनरत किसानों के खिलाफ एक अर्ध सैनिक बल का प्रयोग करता था, उसे किस नाम से जाना जाता था ?
उत्तर– रजाकार।

प्रश्न 35. हैदराबाद का विलय भारतीय संघ में किस प्रकार हुआ ?
उत्तर– सैनिक हस्तक्षेप से।

प्रश्न 36. मणिपुर के किस शासक ने सहमती पत्र पर हस्ताक्षर किये ?
उत्तर– महाराजा बोधचंद्र सिंह ने।

प्रश्न 37. मणिपुर में किस चुनाव से संवैधानिक राजतन्त्र कायम हुआ ?
उत्तर– जून 1948 के चुनाव से।

प्रश्न 38. भारत का वह कौनसा प्रांत है जहां सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का सिद्धांत अपनाया गया ?
उत्तर– मणिपुर।

प्रश्न 39. कांग्रेस ने किस अधिवेशनमें भाषा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की बात की?
उत्तर– 1920 के नागपुर अधिवेशन में।

प्रश्न 40. भाषा के आधार पर किस प्रांत में सर्वप्रथम विरोध प्रदर्शन हुए ?
उत्तर– पुराने मद्रास प्रांत मे।

प्रश्न 41. आंध्र प्रदेश की मांग करते हुए किस नेता की मृत्यु हुई ?
उत्तर– पोट्टी श्रीरामुलु।

प्रश्न 42. भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का निर्माण हुआ ?
उत्तर– आंध्र प्रदेश का ।

प्रश्न 43. आंध्र प्रदेश के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ने घोषणा कब की ?
उत्तर– दिसम्बर 1952 में।

प्रश्न 44. केंद्र सरकार ने राज्य पुनर्गठन आयोग कब बनाया ?
उत्तर– 1953 में।

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

प्रश्न 45. राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 1956 में कितने राज्य और केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए ?
उत्तर– 14 राज्य और 6 केंद्र शासित प्रदेश।
प्रश्न 46. 1960 में बम्बई से कौन–कौन से राज्य बनाये गए ?
उत्तर– महाराष्ट्र और गुजरात।
प्रश्न 47. 1966 में पंजाब से कौन–कौन से राज्य बनाये गए ?
उत्तर– पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश।
प्रश्न 48. नागालैंड राज्य कब बना ?
उत्तर– 1963 में।
प्रश्न 49. 1972 में असम से कौन– कौन से राज्य बनाये गए ?
उत्तर– मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा।
प्रश्न 50. मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश राज्य कब बने ?
उत्तर– 1987 में ।
प्रश्न 51. सन 2000 में कौन–कौन से राज्य बने ?
उत्तर– छत्तीसगढ़, उतराखंड, झारखण्ड।
प्रश्न 52. 2 जून 2014 में आंध्र प्रदेश से कौनसा राज्य बनाया गया ?
उत्तर– तेलंगाना (भारत का सबसे नवीन राज्य)।
प्रश्न 53. भारत में कितने राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश है ?
उत्तर– 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश।

## पाठ–11 : एक दल के प्रभुत्व का दौर

प्र.1 1952 के चुनावों में कुल मतदाताओं में केवल साक्षर मतदाताओं का प्रतिशत था ?
(क) 35 प्रतिशत (ख) 25 प्रतिशत
(ग) 15 प्रतिशत (घ) 75 प्रतिशत **(ग)**

प्र.2 1948 में भारत के गर्वनर जनरल पद की शपथ किसने ली ?
(क) लार्ड लिटन (ख) लार्ड माउंटबेटन
(ग) लार्ड रिपन (घ) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी **(घ)**

प्र.3 भारत में दलितों का मसीहा किसे कहा जाता है ?
(क) राजा राममोहन राय (ख) दयाननद सरस्वती
(ग) बी.आर. अम्बेडकर (घ) गोपाल कृष्ण गोखले **(ग)**

प्र.4 स्वतन्त्र पार्टी का गठन किया ?
(क) सी.राजगोपालाचारी (ख) श्यामा प्रसाद मुखर्जी
(ग) पं. दीनदयाल उपाध्याय (घ) रफी अहमद किदवई **(क)**

प्र.5 भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे ?
(क) मोरारजी देसाई (ख) मीनू मसानी
(ग) अटल बिहारी वाजपेयी (घ श्यामा प्रसाद मुखर्जी **(घ)**

प्र.6 भारत के पहले चुनाव आयुक्त बने ?
(क) सुकुमार सेन (ख) सी. राजगोपालाचारी
(ग) ए.के.गोपालन (घ) पी.सी. जोशी **(क)**

प्र.7 स्वतंत्र भारत में पहला आम चुनाव कब हुआ ?
(क) 1951 (ख) 1952
(ग) 1953 (घ) 1949 **(ख)**

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्र.8 1959 में कांग्रेस सरकार ने संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत केरल की कम्युनिस्ट सरकार को बर्खास्त कर दिया ?

(क) अनुच्छेद 370 (ख) अनुच्छेद 354

(ग) अनुच्छेद 356 (घ) अनुच्छेद 352 **(ग)**

प्र.9 कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन कब हुआ था ?

(क) 1934 (ख) 1955 (ग) 1948 (घ) 1943 **(क)**

प्र.10 इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी के संस्थापक कौन थे ?

(क) कामराज नाडार (ख) पी.सी. जोशी

(ग) मोरारजी देसाई (घ) भीमराव अंबेडकर **(घ)**

## अति–लघुत्तरात्मक प्रश्न :–

प्र.1 समग्र मानववाद के सिद्धान्त के प्रणेता का नाम लिखिए ?

उत्तर– दीनदयाल उपाध्याय ।

प्र.2 भारत में एक दल के प्रधानता के युग में किस दल को सबसे अधिक प्रभावशाली माना गया ?

उत्तर– भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

प्र.3 भारत में एक दल की प्रधानता का युग कब से कब तक रहा?

उत्तर– 1952 से 1977 तक ।

प्र.4 भारत में निर्वाचन आयोग का गठन कब हुआ ?

उत्तर– 1950 में।

प्र.5 स्वतन्त्रता के बाद भारत में एक पार्टी के प्रभुत्व का दौर क्यो रहा था ?

उत्तर– स्वतन्त्रता के बाद भारत में कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी थी जिसका संगठन पूरे देश में गाँव–गाँव तक फैला हुआ था। इसीलिए एक दलीय प्रभुत्व का दौर रहा।

प्र.6 भारतीय दलीय व्यवस्था की कोई एक विशेषता बताइए ?

उत्तर– बहुदलीय प्रणाली है और राजनीतिक दल विभिन्न हितों का प्रतिनिधित्व करते है।

प्र.7 प्रथम तीन आम चुनावों में कांग्रेस को कितनी सीटें मिली ?

उत्तर– प्रथम आम चुनाव में 364, दूसरे आम चुनाव में 371 तथा तीसरे आम चुनाव में 361 सीटें प्राप्त हुई।

प्र.8 स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय कांग्रेस के प्रभावशाली नेताओं के नाम लिखिए ?

उत्तर– पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, मोरारजी देसाई, जगजीवन राम, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा सी.राजगोपालाचारी।

प्र.9 1952 के पहले आम चुनाव में लोकसभा के साथ–साथ और कौनसे चुनाव भी कराए जाते थे?

उत्तर– राज्य विधान सभाओं के।

प्र.10 स्वतन्त्र पार्टी का निर्देशक सिद्धान्त क्या था ?

उत्तर– राज्य के नियन्त्रण से मुक्त अर्थ व्यवस्था।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्र.11 जनसंघ ने किस विचार पर जोर दिया ?

उत्तर– जनसंघ ने एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र के विचार पर जोर दिया।

प्र.12 भारत में किस चुनाव प्रणाली को अपनाया गया है ?

उत्तर– भारत मे सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली जीत प्रणाली को अपनाया गया है।

प्र.13 1952 के चुनाव में वोट हासिल करने के लिहाज से कौनसी पार्टी दूसरे नम्बर पर रही ?

उत्तर– सोशलिस्ट पार्टी।

प्र.14 राष्ट्रीय मंच पर किस नेता के आगमन से कांग्रेस पार्टी को एक आन्दोलन में बदल दिया?

उत्तर– महात्मा गाँधी के आगमन से।

प्र.15 ऐसे दो राज्यों के नाम बताइए जहाँ 1952–67 के दौरान कांग्रेस सत्ता में नही थी ?

उत्तर– (1) जम्मू और कश्मीर (2) केरल

**लघुत्तरात्मक प्रश्न :–**

प्र. 1 भारत में लम्बे समय तक कांग्रेस दलीय प्रभुत्व के लिए उत्तरदायी किन्ही दो कारणों का उल्लेख कीजिए

उत्तर– प्रथम तीन चुनावों में कांग्रेस के प्रभुत्व के कारण थे–

(1) राष्ट्रीय संघर्ष में कांग्रेसी नेताओं का जनता में अधिक लोकप्रिय होना

(2) कांग्रेस के पास ही राष्ट्र के कौने–कौने व ग्रामीण स्तर का संगठन होना

(3) पण्डित नेहरू का करिश्माई व्यक्तित्व होना।

प्र. 2 भारत ही एक मात्र ऐसा देश नही है जो एक पार्टी के प्रभुत्व के दौर से गुजरा हो। संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ?

उत्तर– भारत ही एक मात्र देश नही हैं जो एक पार्टी के प्रभुत्व दौर से गुजरा हो। विश्व में ओर भी बहुत से देशों को देखने पर हमें एक पार्टी के प्रभुत्व के उदाहरण मिलेगे। हालांकि उनमें और भारत के एक पार्टी के प्रभुत्व में अन्तर है।

उदाहरण –(1) कुछ देशो जैसे चीन, क्यूबा और सीरिया के संविधान में सिर्फ एक ही पार्टी को देश के शासन की अनुमति दी गई है।

(2) कुछ देशों जैसे म्यामार, बेलारूस आदि में एक पार्टी का प्रभुत्व कानूनी और सैन्य उपायो के चलते हुआ है।

(3) कुछ साल पहले तक मैक्सिको, दक्षिणी कोरिया ओर ताइवान की एक पार्टी के प्रभुत्व वाले देश थे।

प्र. 3 निर्दलियो की बढ़ती संख्या एक चुनौती है। स्पष्ट कीजिए ?

उत्तर– चुनाव में किसी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत न प्राप्त होने की स्थिति में निर्दलीय उम्मीदवारों की भूंमिका बढ़ जाती है परिणाम स्वरूप निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ये निर्दलीय उम्मीदवार भ्रष्टाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा देते है। ये भारतीय दलीय व्यवस्था के हित में नही है।

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

प्र.4 डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर पर संक्षिप्त टिप्पणी लिंखिए ?

उत्तर– आपका पूरा नाम बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर है। आप दलितों को न्याय दिलाने के लिए हुए संघर्ष के अगुआ थे। आपने इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी की स्थापना की। बाद में शिड्यूल्ड कास्टस् फेडरेशन की स्थापना की। आप रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के गठन के योजनाकार रहे हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान वायसराय की काउंसिल में सदस्य रहे हैं। आप संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। भारत की आजादी के बाद नेहरू के पहले मंत्रिमंडल में मंत्री की भूमिका अदा की। आपने हिन्दू कोड बिल के मुद्दे पर अपनी असहमति जताते हुए 1951 में इस्तीफा दे दिया। आपने 1956 में हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया।

प्र.5 भारत में स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व राजनीतिक दलों का उल्लेख कीजिए ?

उत्तर– स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व भारत के राजनीतिक दल इस प्रकार थे –

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस– भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में हुई थी वास्तव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उस समय न केवल एक राजनीतिक दल था बल्कि एक ऐसा मंच था जिसमें हर विचारधारा के लोग शामिल थे। जिनका उद्देश्य छोटे–छोटे सुधार करना था।

मुस्लिम लीग– 1906 में मुस्लिम हितो की रखा के लिए अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना की गई।

भारतीय साम्यवादी दल– 1924 में साम्यवादी दल की स्थापना एम.एन.राय ने की।

भारतीय समाजवादी पार्टी– 1934 में आचार्य नरेन्द्र देव, जयप्रकाश नारायण एवं राम मनोहर लोहिया ने भारतीय समाजवादी पार्टी की स्थापना की।

प्र. 6 क्या एकल पार्टी प्रभुत्व प्रणाली का भारतीय राजनीति के लोकतांत्रिक चरित्र पर खराब असर हुआ ?

उत्तर– हॉ एकल पार्टी प्रभुत्व का भारतीय राजनीति के लोकतांत्रिक चरित्र पर खराब असर हुआ है– क्योकि–(1) इससे कोई भी अन्य गबन्धन या पार्टी उभर कर सामने नही आ पाई। (2) मतदाताओं के पास भी कोई अन्य विकल्प नही था। (3) राजनीतिक तानाशाही को भी बल मिला। (4) अनुच्छेद 356 का दुरूपयोग हुआ, नागरिको के मूल अधिकारो का हनन (1975 से 1977 तक आपातकाल में) हुआ। जनता को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा।

प्र. 7 अगर पहले आम चुनाव के बाद भारतीय जनसंघ अथवा भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की सरकार बनी होती तो किन मामलो मे इस सरकार ने अलगनीति अपनाई होती। इन दोनो दलो द्वारा अपनाई गई नीतियो मे तीन प्रमुख अन्तर बताओ ?

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

उत्तर– दोनो दलो द्वारा अपनाई गई नीतियो मे तीन प्रमुख अन्तर निम्न लिखित होते–

1. भारतीय जनसंघ सभवतः असलग्नता की नीति न अपना कर अमरीकी गुट के साथ मिल जाता, जबकि भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी असलग्नता की नीति अपनाए हुए सोवियत गुट के साथ मिलकर विदेश नीति का संचालन करती।
2. भारतीय जनसंघ हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने मे महत्ती भूमिका निभाती, जबकि भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की स्थिति राष्ट्रभाषा के संदर्भ में कांग्रेस जैसी ही रहती।
3. जनसंघ कश्मीर में धारा 370 का प्रयोग नही करती। कश्मीर का अन्य राज्यों की तरह भारत में विलय कर देती जबकि कम्यूनिस्ट पार्टी इस तरह का कोई प्रयास नही करती।

प्र. 8 पहले आम चुनाव से लेकर अब तक मतदान के तरीके मे क्या बदलाव आए है ?

उत्तर 1952 के पहले आम चुनाव में प्रत्येक उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिन्ह की एक पेटी रखी गई थी मतदाता को खाली मतपत्र दिया गया जिसे उसने अपने पसन्द के उम्मीदवार की मतपेटी मे डाला। बाद के चुनावो मे मतपत्र पर हर उम्मीदवार का नाम व चुनाव चिन्ह अंकित किया गया मतदाता को अपनी पसन्द के उम्मीदवार के आगे मुहर लगानी होती थी। सन् 1990 के दशक के अन्त के चुनावों मे ई.वी.एम. मशीन का प्रयोग शुरू किया। इसमे मतदाता अपने पसन्द के उम्मीदवार के सामने दिए गए बटन को दबा देता है।

प्र. 9 कांग्रेस किन अर्थो मे एक विचारधारात्मक गठबन्धन थी ? कांग्रेस मे मौजुद विभिन्न विचारधाराओं की उपस्थितियों का उल्लेख करे ?

उत्तर आजादी के पूर्व से ही कांग्रेस ने परस्पर विरोधी हितो के कई समूहो को एक साथ जोडने का कार्य किया। काग्रेस एक विचारधारात्मक गठबन्धन थी जैस– इसमें विभिन्न वर्ग भाषा, जाति तथा अन्य हितो से जुड़े व्यक्ति इस गठबन्धन से जुड़ चुके थे।

इसमें क्रान्तिकारी और शांतिवादी, कंजरवेटीव और रेडिकल, चरमपंथी और नरमपंथी, दक्षिण पंथी, वामपंथी हर विचारधारा के लोग शामिल हो गए।

कांग्रेस ऐसा मंच था जिसमें अनके हित समूह, दबाव समूह और राजनीतिक दल आ जुटते थे और राष्ट्रीय आन्दोलन मे भाग लेते थे।

कांग्रेस ने सोशलिस्ट पार्टी को भी कांग्रेस के एक गुट में शामिल किया।

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

प्र.10 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यक्रमों का सक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

उत्तर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है–

स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य स्वतन्त्रता प्राप्ति था। स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान इसके आदर्श संसदीय लोकतन्त्र, धर्म निरपेक्षता तथा समाजवाद रहे।

कांग्रेस लगभग 30 वर्षो तक सत्तारूढ़ रही। इस दौरान उसने अस्पृश्यता उन्मूलन, दलितों का उत्थान, जमीदारी प्रथा का उन्मूलन, मिश्रित अर्थ व्यवस्था पर बल, सार्वजनिक उद्यमों की स्थापना आदि कार्यक्रम अपनाऐ।

वर्तमान में कांग्रेस पार्टी आर्थिक सुधार, प्रगति, विकास तथा प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और उदरवादी अर्थ व्यवस्था के कार्यक्रम को अपनाएँ हुए है।

# पाठ–12 : नियोजित विकास की राजनीति

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–**

प्रश्न 1. योजना आयोग की स्थापना कब की गई?
(क) 1950 (ख) 1952 (ग) 1960 (घ) 1962 **(क)**

प्रश्न 2. प्रथम पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल था ?
(क) 1951–1956 (ख) 1952–1957 (ग) 1955–1960 (घ) 1947–1952 **(क)**

प्रश्न 3. भारत में नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने का विचार–ग्रहण किया गया था ?
(क) बॉम्बे प्लान में (ख) सोवियत खेमे के देशों के अनुभवों से
(ग) समाज के बारे में गॉधीवादी विचार से (घ) उपर्युक्त सभी **(घ)**

प्रश्न 4. भारत में शुरूआती दौर में विकास की जो नीति अपनाई उसमें निम्नलिखित में से कौन–सा विचार शामिल नहीं था?
(क) नियोजन (ख) उदारीकरण (ग) सहकारी खेती (घ) आत्मनिर्भरता **(ख)**

प्रश्न 5. प्रथम पंचवर्षीय योजना में सर्वाधिक बल किस पर दिया गया ?
(क) कृषि (ख) उद्योग (ग) पर्यटन (घ) संचार **(क)**

प्रश्न 6. भारत में नियोजन प्रक्रिया की प्रेरणा किस देश से ली गई?
(क) सोवियत संघ (ख) चीन (ग) जापान (घ) अमेरिका **(क)**

प्रश्न 7. दूसरी पंचवर्षीय योजना कब शुरू हुई?
(क) 1951 (ख) 1956 (ग) 1966 (घ) 1957 **(ख)**

प्रश्न 8. पहली योजना का मूल मंत्र क्या था?
(क) संरचनात्मक बदलाव (ख) प्रौद्योगिकी (ग) धीरज (घ) कृषि **(ग)**

प्रश्न 9. हरित क्रांति के दौरान किस फसल का सर्वाधिक उत्पादन हुआ?
(क) गेहूँ (ख) बाजरा (ग) सोयाबीन (घ) चावल **(क)**

प्रश्न 10. स्वतन्त्रता के पश्चात् भारत में किस आर्थिक प्रणाली को अपनाया गया?
(क) पूँजीवादी (ख) मिश्रित
(ग) समाजवादी (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं **(ख)**

प्रश्न 11. लौह–अयस्क का विशाल भंडार था ?
(क) उड़ीसा (ख) पंजाब (ग) केरल (घ) उत्तरप्रदेश **(क)**

प्रश्न 12. चौथी पंचवर्षीय योजना कब से शुरू होनी थी?
(क) 1961 (ख) 1966 (ग) 1967 (घ) 1962 **(ख)**

CRPD BHINDER & VALLABHANAGAR

**अति–लघुत्तरात्मक प्रश्न :–**

प्रश्न 13. नीति आयोग का अध्यक्ष कौन होता है ?

उत्तर– प्रधानमंत्री।

प्रश्न 14. भारत सरकार ने योजना आयोग के स्थान पर किस संस्था की स्थापना की?

उत्तर– नीति आयोग की।

प्रश्न 15. स्वतन्त्र भारत के समक्ष विकास के कौन–कौन से दो मॉडल थे?

उत्तर– (1) पूंजीवादी मॉडल। (2) समाजवादी मॉडल।

प्रश्न 16. वामपंथ से आपका क्या तात्पर्य है?

उत्तर– वामपंथ से उन लोगों की तरफ संकेत किया जाता हे जो गरीब और पिछड़े सामाजिक समूह की तरफदारी करते है और इन तबकों को फायदा पहुंचाने वाली सरकारी नीतियों का समर्थन करते हैं।

प्रश्न 17. दूसरी पंचवर्षीय योजना में मुख्यतः किस बात पर जोर दिया गया?

उत्तर– औद्योगिक विकास पर।

प्रश्न 18. दक्षिण–पंथ से आपका क्या तात्पर्य है?

उत्तर– जो यह मानते हे कि खुली प्रतिस्पर्धा और बाजार–मूलक अर्थ व्यवस्था के माध्यम से ही प्रगति हो सकती है।

प्रश्न 19. भारत में अर्थ व्यवस्था के कौनसे स्वरूप को स्वीकार किया गया है?

उत्तर– मिश्रित अर्थ व्यवस्था को ।

प्रश्न 20. 'मिल्कमैन ऑफ इण्डिया' किसे कहा जाता है?

उत्तर– वर्गीज कूरियन को।

प्रश्न 21. नियोजित विकास क्या है?

उत्तर– नियोजित विकास, विकास की एक प्रक्रिया है।

प्रश्न 22. आधुनिकीकरण किसका पर्यायवाची माना जाता था?

उत्तर– संवृद्धि, भौतिक प्रगति और वैज्ञानिक तर्क बुद्धि का।

प्रश्न 23 सार्वजनिक क्षेत्र का मुख्य उद्‌देश्य क्या है?

उत्तर– आर्थिक पूंजी का निर्माण करना, आधारभूत उद्योगों का विकास करना तथा आर्थिक समानता की स्थापना करना।

प्रश्न 24 1969 में केन्द्र सरकार ने कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया?

उत्तर– 14 बैंकों का।

प्रश्न 25. भारत में नियोजन के दो उद्‌देश्य लिखिए?

उत्तर– (1) देश की राष्ट्रीय आय में वृद्धि करना।

(2) क्षैत्रीय असन्तुलन को कम करना।

प्रश्न 26. भूमि सुधार से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– भूमि सुधार से आशय है भूमि के स्वामित्व का पुनर्वितरण करना।

प्रश्न 27. नियोजन के प्रमुख तीन तत्व बताइये?

उत्तर–
1. उपलब्ध साधनों का सही आकलन।
2. इन साधनों के आर्थिक उपयोग हेतु एक योजना।
3. सभी साधनों का अनुकूलतम प्रयोग।

प्रश्न 28. सार्वजनिक क्षेत्र के विस्तार से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– सार्वजनिक क्षेत्रों का निर्माण एवं विस्तार से आशय है– भारी उद्योगों, कोयले तथा तेल की खोज तथा परमाणु ऊर्जा का विकास, अन्य महत्त्वपूर्ण उद्योगों के निर्माण एवं विस्तार का उत्तरदायित्व।

CREO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 29. सार्वजनिक क्षैत्र का महत्त्व बताइए?

उत्तर– सार्वजनिक क्षैत्र द्वारा निर्यात में वृद्धि, रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा बीमार कारखानों की पुनर्स्थापना होती है।

प्रश्न 30. हरित क्रांति के दो सकारात्मक परिणाम लिखिए?

उत्तर– 1. देश में खाद्यान की उपलब्धता में बढ़ोतरी हुई।

2. मझले वर्ग के किसानों का उभार हुआ।

प्रश्न 31. दूसरी पंचवर्षीय योजना में किसके विकास पर जोर दिया गया?

उत्तर– दूसरी पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया।

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

## पाठ–13 : भारत के विदेश संबंध

1. एक देश की विदेश नीति पर किसका असर पड़ता है–
(अ) घरेलु वातावरण (ब) अंतर्राष्ट्रीय वातावरण
(स) अ व ब दोनों (द) इनमें से कोई नहीं (स)

2. भारत ने अपनी विदेश नीति में अन्य देशों की संप्रभुता का सम्मान करने और शांति कायम कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा, इस लक्ष्य की प्रतिध्वनि निम्न में से किसमें सुनाई देती है–
(अ) मौलिक अधिकार (ब) मूल कर्तव्य
(स) राजनैतिक अधिकार (द) नीति निर्देशक तत्व (द)

3. भारतीय संविधन के किस अनुच्छेद में विदेश नीति के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए गए हैं?
(अ) अनुच्छेद 51 (ब) अनुच्छेद 21
(स) अनुच्छेद 19 (द) अनुच्छेद 11 (अ)

4. भारत की आजादी के वक्त विश्व में किसका दौर चल रहा था–
(अ) प्रथम विश्व युद्ध (ब) द्वितीय विश्व युद्ध
(स) शीत युद्ध (द) आर्थिक मंदी (स)

5. भारत 1950 व 1960 के दशक में निम्न में से किस खेमे में शामिल रहा–
(अ) सोवियत संघ (ब) संयुक्त राज्य अमेरिका
(स) किसी भी गुट में शामिल न होकर स्वतन्त्र विदेश नीति (द) उपरोक्त में से कोई नहीं (स)

6. भारत की विदेश नीति निर्माण में किसकी भूमिका निर्णायक रही –
(अ) पण्डित जवाहर लाल नेहरू (ब) महात्मा गाँधी
(स) सरदार वल्लभभाई पटेल (द) डॉ. भीमराव अंबेडकर (अ)

7. हमारे देश की आरंभिक विदेश नीति के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा पहलु सही है–
(अ) कठिन संघर्ष से प्राप्त संप्रभुता को रखना (ब) क्षेत्रीय अखण्डता को बनाये रखना
(स) तेज़ रफ्तार से आर्थिक विकास करना (द) उपरोक्त सभी (द)

8. हमारा देश निम्न में से किसका सदस्य रहा–
(अ) NATO (ब) वारसा पेक्ट
(स) CENTO (द) गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (द)

9. 1950 के दशक में भारत–अमेरिका संबंधों में खटास पैदा होने की क्या वज़ह हुई–
(अ) पाकिस्तान का अमेरिका सैन्य गठबंधन में शामिल होना
(ब) सोवियत संघ से भारत की बढ़ती दोस्ती से अमेरिका की नाराज़गी
(स) उपरोक्त दोनों
(द) भारत का गुटनिरेपक्ष होना (स)

10. निम्न में से किसे भारत ने अपना आदर्श माना–
(अ) नाटो (ब) अमेरिका सैन्य गठबंधन
(स) वारसा पैक्ट (द) गुटनिरपेक्षता (द)

11. एशियाई देशो के बीच एकता स्थापना के लिए एशियाई सम्बन्ध सम्मेलन (एशियन रिलेशंस कांफ्रेंस) का आयोजन कब व किसके नेतृत्व में हुआ–
(अ) मार्च 1950, पश्चिमी पाकिस्तान (ब) मार्च 1947, भारत
(स) अप्रैल 1965, श्री लंका (द) अप्रैल 1967, पूर्वी पाकिस्तान (ब)

12. किस सम्मेलन से गुट–निरपेक्ष आन्दोलन की नींव पड़ी–
(अ) एशियाई सम्बन्ध सम्मेलन (ब) बांडुंग सम्मेलन
(स) बेलग्रेड सम्मेलन (द) एशियन रिलेशंस कांफ्रेंस (ब)

13. अफ्रीका व एशिया के नव स्वतन्त्र देशों के साथ भारत के बढ़ते सम्पर्क का चरम बिन्दु क्या था–
(अ) एशियाई सम्बन्ध सम्मेलन (ब) एफ्रो एशियाई (बांडुंग) सम्मेलन
(स) बेलग्रेड सम्मेलन (द) कोई नहीं (ब)

14. एफ्रो–एशियाई सम्मेलन कहाँ व कब हुआ–
(अ) नई दिल्ली, 1945 (ब) बाडुंग, 1955
(स) जकार्ता, 1960 (द) बेलग्रेड, 1950 (ब)

15. गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का पहला सम्मेलन कहाँ हुआ था?
(अ) बांडुंग, 1950 (ब) बेलग्रेड, 1961
(स) इंडोनेशिया (द) अफ्रीका (ब)

16. शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के पांच सिद्धान्तों अर्थात पंचशील की घोषणा किनके द्वारा संयुक्त रूप से की गई–
(अ) भारत व रूस (ब) भारत व पाकिस्तान
(स) रूस व चीन (द) भारत व चीन (द)

17. पंचशील सिद्धांतों की घोषणा कब की गई–
(अ) 29 मार्च 1947 (ब) 15 अगस्त 1947
(स) 29 अप्रैल 1954 (द) 15 मार्च 1962 (स)

18. दलाई लामा जिन्हें भारत ने अपने यहाँ शरण दी, वह किस देश के धार्मिक नेता थे–
(अ) चीन (ब) भूटान
(स) नेपाल (द) तिब्बत (द)

19. तिब्बती शरणार्थियों की सबसे बड़ी बस्ती स्थित है–
(अ) काठमांडू, नेपाल (ब) धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश
(स) जयपुर, राजस्थान (द) नई दिल्ली (ब)

20. भारत व चीन के मध्य युद्ध कब हुआ–
(अ) 1971 (ब) 1962
(स) 1965 (द) 1999 (ब)

21. भारत–चीन युद्ध के समय देश के रक्षा मंत्री जिन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा–
(अ) जवाहर लाल नेहरू (ब) अटल बिहारी वाजपेयी
(स) वी. के. कृष्णमेनन (द) राजनाथ सिंह (स)

22. निम्न में से किस फिल्म की पृष्ठभूमि में 1962 का चीनी आक्रमण दर्शाया गया है–
(अ) तिरंगा (ब) हकीकत
(स) ग़दर (द) बार्डर (ब)

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

23. 1957 से 1959 के बीच चीन ने भारत के किस क्षेत्र पर अपना कब्जा कर लिया था –

(अ) असम (ब) जम्मू कश्मीर

(स) अक्साई चीन (द) नागालेंड (स)

24. भारत–चीन संघर्ष के फलस्वरूप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में टूट हुई व चीन की पक्षधर नई पार्टी बनी वह है–

(अ) माकपा (ब) कांग्रेस

(स) बीजेपी (द) जनता दल (अ)

25. सिन्धु नदी जल संधि किन दो देशों के बीच हुई?

(अ) भारत–बाग्लादेश (ब) भारत–चीन

(स) भारत–भूटान (द) भारत–पाकिस्तान (द)

26. सिन्धु नदी जल संधि जो 19 सितम्बर 1960 को हुई थी इसमें किसने मध्यस्थता की ?

(अ) अमेरिका (ब) रूस

(स) विश्व बैंक (द) नाबार्ड (स)

27. 1965 में भारत–पाकिस्तान युद्ध के समय भारत के प्रधानमंत्री कौन थे?

(अ) जवाहरलाल नेहरू (ब) लाल बहादुर शास्त्री

(स) इंदिरा गांधी (द) राजीव गाँधी (ब)

28. 1965 के युद्ध के पश्चात् भारत व पाकिस्तान के मध्य कौनसा समझौता हुआ?

(अ) शिमला समझौता (ब) ताशकंद समझौता

(स) नेहरू लियाकत समझौता (द) सिन्धु समझौता (ब)

29. निम्न में से कौनसा सुमेल सही नहीं है–

(अ) भारत–चीन युद्ध–1965 (ब) बांग्लादेश युद्ध–1971

(स) कारगिल संघर्ष–1999 (द) भारत–पाकिस्तान युद्ध–1965 (अ)

30. निम्न से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है–

(अ) शिमला समझौता–इंदिरा गाँधी–जुल्फिकार अली भुट्टो

(ब) ताशकंद समझौता–लाल बहादुर शास्त्री–जेनरल अयूब खान

(स) पंचशील समझौता–जवाहर लाल नेहरू–चाऊ एन लाई

(द) सिन्धु नदी जल संधि–इंदिरा गाँधी–जेनरल अयूब खान (द)

31. भारत ने 1971 में किस देश के साथ शान्ति और मित्रता की 20 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर किये?

(अ) चीन (ब) सोवियत संघ

(स) अमेरिका (द) पाकिस्तान (ब)

32. विभाजन के बाद व बांग्लादेश एक नए राष्ट्र के रूप में उदय से पहले इसे किस नाम से जाना जाता था–

(अ) पूर्वी बंगाल (ब) पश्चिमी पाकिस्तान

(स) पूर्वी पाकिस्तान (द) पूर्वी हिन्दुस्तान (स)

33. किस युद्ध में पाकिस्तान के नब्बे हजार सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा?

(अ) 1947 (ब) 1965

(स) 1971 (द) 1999 (स)

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

34. चीन व पाकिस्तान के साथ युद्धों (1962 व 1965) से कौनसी पंचवर्षीय योजना प्रभावित हुई जिसके पश्चात् तीन एक वर्षीय योजनाओं पर अमल हुआ?

(अ) पहली पंचवर्षीय योजना (ब) दूसरी पंचवर्षीय योजना

(स) तीसरी पंचवर्षीय योजना (द) चौथी पंचवर्षीय योजना (स)

35. भारत की आंरभिक परमाणु नीति का मुख्य उद्देश्य क्या था?

(अ) शांतिपूर्ण उद्देश्यों हेतु अणु ऊर्जा बनाना

(ब) परमाणु हथियार बनाना

(स) विनाशक उद्देश्यों हेतु

(द) ताकतवर देशों से प्रतिस्पर्धा करना (अ)

36. भारत ने प्रथम बार परमाणु परीक्षण कब किया ?

(अ) 1950 (ब) 1970

(स) 1974 (द) 1988 (स)

37. भारत द्वारा भूमिगत परमाणु परीक्षण कहाँ किये गये?

(अ) पोखरण (ब) विशाखापत्तनम

(स) हरिकोटा (द) रावतभाटा (अ)

**लघु/दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** – 1 (3 अंक)

38. पंचशील क्या है? पंचशील के सिद्धांतों का उल्लेख कीजिये।

उत्तर पंचशील संस्कृत के दो शब्दों पचं और शील से मिलकर बना है, जिसका आशय है पांच आचरण या व्यवहार के नियम। ये प्राचीन भारत के बौद्ध अभिलेखों से लिए गए हैं। पंचशील शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के पाँच सिद्धांत हैं। पंचशील समझौता 8 वर्ष के लिए भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू तथा चीन के चाऊ एन लाई के बीच हुआ, जिस पर 29 अप्रैल, 1954 को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किये गये।

पंचशील के पांच सिद्धांत –

1. क्षेत्रीय अखंडता व प्रभुसत्ता का परस्पर सम्मान करना।
2. एक दूसरे पर आक्रमण न करना (अनाक्रमण)
3. एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना। (अहस्तक्षेप)
4. समानता व पारस्परिक लाभ की और ध्यान देना।
5. शांति पूर्ण सह अस्तित्व की ओर अग्रसर होना। (शांतिपूर्ण सह अस्तित्व)

39. भारत की विदेश नीति के क्या सिद्धांत हैं?

उत्तर–1. गुटनिरेपक्ष 2. शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व

3. पंचशील 4. साम्राज्यवाद व उपनिवेशवाद का विरोध

5. क्षेत्रीय सहयोग 6. निःशस्त्रीकरण

7. विश्व शांति 8. बिना शर्त विदेशी सहायता प्राप्त करना

40. निम्न पर टिपण्णी कीजिये–

I ताशकंद समझौता

ii शिमला समझौता

उत्तर–उक्त दोनों ही समझौते भारत और पाकिस्तान की बीच हुए दो युद्धों के बाद हुए हैं–

ताशाकंद समझौता –उक्त शांति समझौता भारत–पाकिस्तान के बीच 1965 के युद्ध के पश्चात् 11 जनवरी 1966 को सोवियत संघ (वर्तमान उज्बेकिस्तान) के ताशकंद में हुआ। इसके तहत भारत और पाकिस्तान शक्ति का प्रयोग न करके अपने झगड़ों का शांतिपूर्ण समाधान करेंगे। इस पर भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व पाकिस्तान के जेनरल अयूब खान ने हस्ताक्षर किये।

शिमला समझौता –बांग्लादेश मुक्ति संग्राम 1971 के युद्ध में पाकिस्तान ने अपने 90 हजार सैनिकों के आत्मसमर्पण के बाद भारत के शिमला में 1972 में यह समझौता हुआ। समझौते पर भारत की ओर से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी व पाकिस्तान के जुल्फिकार अली भुट्टो ने हस्ताक्षर किये।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

41. दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिये व निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये–




I यह कार्टून क्या सन्देश देता है।

II यहाँ किस वर्ष के घटनाक्रम को इंगित किया गया है?

उत्तर– यह अमूल डेयरी ब्रांड के हास्यपूर्ण समकालीन घटनाक्रमों पर आधारित कार्टून में से एक है– 1950 के दशक में चीन के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों के प्रतीक हिंदी–चीनी भाई–भाई के नारे उलट चीन के विश्वासघात के कारण हिन्दी चीन बाई बाई के साथ चीन पर जवाबी हमले का सन्देश इस कार्टून में दिया गया है।

यहां 1962 में चीन द्वारा भारत के साथ विश्वासघात कर आक्रमण करने के घटनाक्रम को दर्शाया गया है।

42. पंचशील समझौते व आपसी सौहार्द के बावजूद भारत व चीन के बीच विवाद के क्या मुद्दे थे?

उत्तर–1949 में चीनी क्रांति के बाद चीन की कम्प्यूनिस्ट सरकार को मान्यता देने वाला भारत पहले देशों में एक था। पंचशील के माध्यम से नेहरू जी ने चीन से अच्छे संबंध बनाने की पहल की। उप–प्रधानमंत्री एवं तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने आशंका जताई कि चीन भारत पर आक्रमण कर सकता है। नेहरू जी का मत इसके विपरीत यह था कि इसकी संभावना नहीं है।

**विवाद की स्थितियां –**

तिब्बत की समस्या :–

जब 1950 में चीन ने तिब्बत पर अपना नियंत्रण जमा लिया। तिब्बती जनता ने इसका विरोध किया। भारत ने इसका खुला विरोध नहीं किया। तिब्बती धार्मिक नेता दलाई लामा ने अपने अनुयायियों सहित भारत से राजनीतिक शरण मांगी और 1959 में भारत ने उन्हें राजनीतिक शरण दे दी। चीन ने भारत के इस कदम को अपनी अंदरूनी मामलों में दखलंदाजी माना।

सीमा विवाद :–

चीन और भारत के मध्य विवाद का दूसरा बड़ा कारण सीमा–विवाद था चीन ने भारतीय भू क्षेत्र में पड़ने वाले दो इलाकों जम्मू–कश्मीर के लद्दाख वाले हिस्से के अक्साई चीन और अरूणाचल प्रदेश (जिसे पूर्व में नेफा या उत्तरपूर्वी सीमांत कहा जाता था) के अधिकतर हिस्सों पर अपना अधिकार जताया।

1957–1959 के बीच चीन ने अक्साई चीन क्षेत्र पर अपना अधिकार कर लिया।

43. चीन के साथ युद्ध के पश्चात् भारत को राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फायदा हुआ या नुकसान। समझाइए।

उत्तर– i चीन द्वारा दोस्ती के साथ किए गए विश्वासघात के रूप में चीन युद्ध से भारत की छवि को देश और विदेश दोनों ही जगह धक्का लगा।

ii इस संकट से उबरने के लिए भारत को अमरीका और ब्रिटेन दोनों से सैन्य मदद की गुहार लगानी पड़ी।

iii सोवियत संघ इस संकट की घड़ी में तटस्थ बना रहा।

iv चीन युद्ध से भारतीय राष्ट्रीय स्वाभिमान को चोट पहुँची लेकिन इसके साथ–साथ राष्ट्र–भावना भी बलवती हुई।

v कुछ प्रमुख सैन्य कमांडरों ने या तो इस्तीफा दे दिया या अवकाश ग्रहण कर लिया। नेहरू के नजदीकी सहयोगी और तत्कालीन रक्षामंत्री वी.के. कृष्णमेनन को भी मंत्रिमंण्डल छोड़ना पड़ा।

vi नेहरू की छवि भी थोड़ी धूमिल हुई। चीन के इरादों को समय रहते न भाँप सकने और सैन्य तैयारी न कर पाने को लेकर नेहरू की बड़ी आलोचना हुई। पहली बार उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया और लोकसभा में इस पर बहस हुई। इसके तुरंत बाद कांग्रेस को, कुछ महत्त्वपूर्ण उप–चुनावों में पटखनी खाई। देश का राजनीतिक मानस बदलने लगा।

44. कारगिल संघर्ष पर टिप्पणी कीजिए।

उत्तर – 1999 के शुरूआती महीनों में भारतीय इलाके की नियंत्रण सीमा रेखा के कई ठिकानों जैसे द्रास, माश्कोह काकसर बतालिक पर अपने को मुजाहिद्दीन बनाने वालों ने कब्जा कर लिया था पाकिस्तान सेना की इसमें मिलीभगत भाँप कर भारतीय सेना इस कब्जे के खिलाफ़ हरकत में आयी व ऑपरेशन विजय चलाया। इसमें दोनों देशों के संघर्ष छिड़ गया। इसे 'कारगिल की लड़ाई' के नाम से जाना जाता है। 1999 के मई जून में यह लड़ाई जारी रही। 26 जुलाई 1999 तक भारत ने अपने अधिकतर ठिकानों पर पुनः अधिकार कर लिया।

45. भारत ने परमाणु अप्रसार संधियों का विरोध क्यों किया?

अथवा

भारत ने परमाणु अप्रसार संधि व परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सी टी बी टी) पर हस्ताक्षर करने से इंकार क्यों किया?

अथवा

क्या भारत परमाणु अप्रसार संधियों का विरोध इसलिए करता है कि उसके पास परमाणु शक्ति नहीं है?

उत्तर –भारत एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है और मई 1974 और मई 1998 में पोखरण रेंज जैसलमेर में भूमिगत परमाणु परीक्षण कर विश्व को जता दिया। बल्कि भारत ने परमाणु अप्रसार के लक्ष्य को ध्यान में रखकर की गई संधियों का विरोध किया क्योंकि

I ये संधियों उन्हीं देशों पर लागू होनी थी जो परमाणु शक्ति से वंचित थे।

II इन संधियों के द्वारा परमाणु हथियारों से लैस देशों की जमात के परमाणु शक्ति पर एकाधिकार को वैधता दी जा रही थी।

46. भारत की परमाणु नीति की क्या विशेषता है?

उत्तर –भारत की परमाणु नीति में सैद्धांतिक तौर पर यह बात स्वीकार की गई है कि भारत अपनी रक्षा के लिए परमाणु हथियार रखेंगा लेकिन इन हथियारों का प्रयोग पहले नहीं करेगा।

भारत की परमाणु नीति में यह बात दुहराई गई है कि भारत वैश्विक स्तर पर लागू और भेदभाव हीन परमाणु निशस्त्रीकरण के प्रति वचनबद्ध है ताकि परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व की रचना हो।

47. बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भारत की क्या भूमिका रही ?

उत्तर–1971 में पूर्वी पाकिस्तान ने अपने साथ हो रहे दोयम दर्जे के व्यवहार और पश्चिमी पाकिस्तान के जुल्म से त्रस्त होकर बांग्लादेश मुक्ति संग्राम छेड़ दिया। 1971 में इससे पूर्व बांग्लादेश से 80 लाख शरणार्थी भारत आ गये थे। भारत ने मुक्ति संग्राम को अपना नैतिक समर्थन व भौतिक सहायता प्रदान की।

इस तनातनी के बीच 1971 के दिसम्बर में भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ गया जिसमें भारत ने अपनी वायु सेना, थल सेना और नौसेना के बल पर तथा स्थानीय लोगों के स्वागत समर्थन के साथ पश्चिमी और पूर्वी मोर्चे पर कार्रवाई की। 10 दिनों के भीतर ढाका को तीन तरफ से घेर लिया। 90 हजार सैनिकों ने सहित पाकिस्तान सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा। और इस प्रकार भारत की मदद से बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र का उदय हुआ। इस युद्ध के बाद ही भारत व पाकिस्तान के मध्य शिमला समझौता हुआ था।

# पाठ–14 :कांग्रेस प्रणाली : चुनौतियां और पुनर्स्थापना

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न–**

**प्रश्न** 1. कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व केन्द्र में कब तक रहा ?

(क) 1947 से 1990 तक (ख) 1947 से 1960 तक

(ग) 1947 से 1977 तक (घ) 1947 से 1980 तक **(ग)**

**प्रश्न** 2. गरीबी हटाओ का नारा किसने दिया ?

(क) सुभाषचन्द्र बोस ने (ख) लाल बहादुर शास्त्री ने

(ग) जवाहरलाल नेहरू ने (घ) इन्दिरा गाँधी ने । **(घ)**

**प्रश्न** 3. "जय जवान जय किसान" का नारा किसने दिया–

(क) लाल बहादुर भास्त्री ने (ख) इंदिरा गांधी ने

(ग) जवाहरलाल नेहरू ने (घ) मोरारजी देसाई ने। **(क)**

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

**प्रश्न 4** बांग्लादेश का निर्माण हुआ–

(क) सन् 1966 में (ख) सन् 1970 में

(ग) सन् 1971 में (घ) सन् 1972 में। **(ग)**

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

1. 1960 के दशक को .......................... की संज्ञा दी गई।
2. लाल बहादुर शास्त्री ................ से .............. तक भारत के प्रधानमंत्री रहे।
3. पंजाब में बनी संयुक्त विधायक दल की सरकार को ................ की सरकार कहा गया।

**उत्तर–** (1) खतरनाक दशक (2) 1964 से 1966 (3) PUF

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न :–**

**प्रश्न 1** चन्द्रशेखर, चरणजीत यादव, मोहन धारिया तथा कृष्णकान्त जैसे नेता किस गुट में शामिल थे ?

**उत्तर–** युवा तुर्क गुट में।

**प्रश्न 2** कामराज, एस.के. पाटिल तथा निजलिंगप्पा जैसे नेता किस समूह के सदस्य माने जाते थे ?

**उत्तर–** सिंडिकेट कांग्रेस के।

**प्रश्न 3** गैर–कांग्रेसवाद से क्या अभिप्राय हैं?

**उत्तर–** यह वह राजनीतिक विचारधारा है जो मुख्यतः कांग्रेस विरोधी और उसे सत्ता से अलग करने के लिए समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया द्वारा प्रस्तुत की गई।

**प्रश्न 4** कांग्रेस सिंडिकेट से क्या अभिप्राय है ?

**उत्तर–** कांग्रेस पार्टी के नेता जिनमें कामराज, एस.के. पाटिल, निजलिंगप्पा एवं मोरारजी देसाई (इनमें कुछ को हम इंदिरा विरोधी भी कह सकते हैं) आदि के समूह को कांग्रेस सिंडिकेट के नाम से जाना जाता है।

**प्रश्न 5** प्रिवीपर्स से क्या अभिप्राय है?

**उत्तर–** भूतपूर्व देशी राजाओं को दिए जाने वाले विशेष भत्ते को प्रिवीपर्स के नाम से जाना जाता है।

**प्रश्न 6** कामराज योजना क्या थी?

**उत्तर–** कामराज योजना के अनुसार 1963 में सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी के पदों से त्यागपत्र दे दिया ताकि उनकी जगह युवा कार्यकर्त्ताओं को दी जा सके।

**प्रश्न 7** आया–राम, गया–राम राजनीति से आप क्या समझते हैं?

**उत्तर–** आया–राम, गया–राम से अभिप्राय नेताओं द्वारा अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए निरन्तर दल–बदल करना है।

**प्रश्न 8** 10 सूत्री कार्यक्रम कब और क्यों लागू किया गया?

**उत्तर–** 10 सूत्री कार्यक्रम श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा 1967 में कांग्रेस की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने के लिए लागू किया गया।

**प्रश्न 9** किंगमेकर किसे कहते हैं?

**उत्तर–** किसी नेता को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेताओं को किंगमेकर कहा जाता है।

**प्रश्न 10** 1971 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत का क्या कारण था?

**उत्तर–** 1971 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत का मुख्य कारण श्रीमती इंदिरा गांधी का चमत्कारिक नेतृत्व कांग्रेस की समाजवादी नीतियाँ तथा गरीबी हटाओ का नारा था।

**प्रश्न 11** राममनोहर लोहिया कौन थे?

**उत्तर–** राममनोहर लोहिया समाजवादी नेता एवं विचारक थे। 1963 से 1967 तक लोकसभा के सदस्य रहे। वे गैर–कांग्रेसवाद के रणनीतिकार थे। उन्होंने नेहरू की नीतियों का विरोध किया।

**प्रश्न 12** ताशकन्द समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले दो महान् राष्ट्राध्यक्षों के नाम लिखिए ?

**उत्तर–** 1. भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री।

2. पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद अयूब खान।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

**लघुत्तरात्मक प्रश्न :–**

**प्रश्न 1** 1966 में कांग्रेस दल के वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री के पद के लिए श्रीमती गाँधी का साथ क्यों दिया?

**उत्तर–** कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संभवतः यह सोचकर 1966 में श्रीमती गाँधी का साथ प्रधानमंत्री पद के लिए दिया कि प्रशासनिक और राजनैतिक मामलों में खास अनुभव नहीं होने के कारण दिशा निर्देशन के लिए वे उन पर निर्भर रहेंगी।

**प्रश्न 2** 1969 में राष्ट्रपति के निर्वाचन में श्रीमती इंदिरा गांधी ने किस उम्मीदवार का साथ दिया?

**उत्तर–** 1969 के राष्ट्रपति के चुनाव में इंदिरा गांधी ने निर्दलीय उम्मीदवार वी. वी. गिरी का साथ दिया और जिससे कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी चुनाव हार गए। यह चुनाव श्रीमती गाँधी का कांग्रेस में वर्चस्व स्थापित करने में मील का पत्थर सिद्ध हुआ।

**प्रश्न 3** कांग्रेस की फूट के पश्चात् कौनसे दो राजनीतिक दल उभरे?

**उत्तर–** 1969 में कांग्रेस विभाजन के पश्चात् जो दो राजनीतिक दल सामने आए उनके नाम कांग्रेस (आर) (Congress Requisitioned)तथा कांग्रेस (ओ) (Congress Organisation) थे। कांग्रेस (आर) का नेतृत्व श्रीमती गाँधी कर रही थीं, वहीं कांग्रेस (ओ) का नेतृत्व सिंडिकेट कर रहा था जिसके अध्यक्ष निजलिंगप्पा थे।

**प्रश्न 4** 1969 में कांग्रेस पार्टी में विभाजन के क्या कारण थे?

अथवा

1969 में कांग्रेस पार्टी के विभाजन के प्रमुख कारणों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**उत्तर–** कांग्रेस पार्टी के विभाजन के कारण–

1. दक्षिणपंथी एवं वामपंथी विषय पर कलह– कांग्रेस के सदस्यों में इस बात पर मतभेद मुखर हो गया था कि वे वामपंथी दलों के साथ मिलकर लड़े या दक्षिणपंथी दलों के साथ।
2. राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के विषय में मतभेद– कांग्रेस में 1969 में होने वाले राष्ट्रपति पद के प्रत्याक्षी को लेकर मतभेद था जो पार्टी के विभाजन का कारण बना।
3. युवा तुर्क और सिंडीकेट के बीच कलह– युवा तुर्क और सिंडिकेट के मध्य मतभेद था। जहाँ युवा तुर्क बैंकों के राष्ट्रीयकरण एवं राजाओं के प्रिवी पर्स को समाप्त करने के पक्ष में था वहीं सिंडीकेट इसका विरोध कर रहा था।
4. मोरारजी देसाई से वित्त विभाग वापस लेना– 1969 में श्रीमती गाँधी द्वारा मोरारजी देसाई से वित्त विभाग वापस लेने के कारण भी मतभेद बढ़ा।
5. सिंडिकेट द्वारा श्रीमती गाँधी को पद से हटाने का प्रयास किया परन्तु वे इसमें सफल न हो सके।

**प्रश्न 5** 1970 के दशक में इन्दिरा गाँधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी?

**उत्तर–** 1970 के दशक में श्रीमती गाँधी की लोकप्रियता के मुख्य कारण निम्नलिखित थे–

1. **करिश्मावादी नेता**– इंदिरा गाँधी कांग्रेस पार्टी की करिश्मावादी नेता थीं। वह भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की पुत्री थीं और वह गाँधी–नेहरू परिवार का वास्तविक राजनीतिक जीवन देख चुकी थीं।
2. **प्रगतिशील कार्यक्रमों की घोषणा**– इन्दिरा गाँधी द्वारा 20–सूत्री कार्यक्रम प्रस्तुत करना, बैंकों का राष्ट्रीयकरण करना, प्रिवीपर्स को समाप्त करना, श्री वी.वी. गिरि जैसे मजदूर नेता को दल के घोषित प्रत्याक्षी के विरूद्ध चुनाव जीताकर लाना आदि ने उनकी लोकप्रियता को बढ़ावा।
3. **कुशाल एवं साहसिक चुनावी रणनीति**– इंदिरा गाँधी ने एक साधारण से सत्ता संघर्ष को विचारधारात्मक संघर्ष में बदल दिया। उन्होंने अपनी वामपंथी नीतियों की घोषणा कर जनता को यह दर्शाने में सफलता पाई कि कांग्रेस का सिंडिकेट धड़ा इन नीतियों के मार्ग में बाधाएँ डाल रहा है। चुनावों में श्रीमती गाँधी को इसका लाभ मिला।
4. **भूमि सुधार कानूनों का क्रियान्वयन**– श्रीमती गाँधी ने भूमि सुधार कानूनों के क्रियान्वयन के लिए जबरदस्त अभियान चलाया तथा उन्होंने भू–परिसीमन के कुछ और कानून भी बनाए। जिसका प्रभाव चुनाव में उनके पक्ष में गया।

# पाठ–15 : लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन–सा आपातकाल की घोषणा के संदर्भ से मेल नही खाता है?

1) सम्पूर्ण क्रान्ति का आहवान   2) 1974 की रेल हड़ताल

3) नक्सलवादी आन्दोलन   4) इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला   (3)

प्रश्न 2 मोरारजी देसाई के सम्बन्ध में–

1. यह गाँधीवादी नेता थे।
2. यह मुंबई प्रान्त के मुख्यमंत्री तथा एक गैर कांग्रेसी दल की तरफ से प्रधानमंत्री रहे है।

उपरोक्त कथनों में से कौन–सा कथन सत्य हैं ?

1) केवल एक   2) केवल दो

3) एक और दो दोनो   4) ना तो एक और ना ही दो   (3)

प्रश्न 3. लोकनायक जय प्रकाश नारायण का निम्न में से किन–किन घटनाओं से सम्बंध रहा है?

1) भारत छोड़ो आन्दोलन   2) स्वेदशी आन्दोलन

3) रॉलेट एक्ट   4) ऑपरेशन ब्लू स्टार   (1)

प्रश्न 4. कम्युनिस्ट क्रान्तिकारी और नक्सलवादी बगावत के मुख्य नेता

1) जय प्रकाश नारायण   2) चरण सिंह

3) चारू मजूमदार   4) मोराजी देसाई   (3)

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न 1. 25 जून 1975 को आतातकाल की घोषणा संविधान के किस अनुच्छेद के तहत की गई।

**उत्तर –** अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत।

प्रश्न 2. भारत में आपातकाल के समय देश का राष्ट्रपति कौन था?

**उत्तर –** फखरूद्दीन अली अहमद।

प्रश्न 3. आपातकाल लागू करने का तात्कालिक कारण क्या था?

**उत्तर –** प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के लोकसभा हेतु निर्वाचन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अवैध घोषित करना एवम् विपक्षी दलो द्वारा उनसे त्यागपत्र की माँग करना।

प्रश्न 4. प्रेस सेंसरशिप क्या है?

**उत्तर –** प्रेस सेसंरशिप के अन्तर्गत समाचार पत्रों में कोई भी खबर छपने से पहले उसकी अनुमति सरकार से लेनी होती है।

प्रश्न 5. भारत में आपातकाल की जाँच करने के लिये किस आयोग का गठन किया गया?

**उत्तर –** जे. सी. शाह जॉच आयोग का।

प्रश्न 6. प्राकृतिक चिकित्सा और निग्रह के प्रतिपादक कौन थे?

**उत्तर –** मोरारजी देसाई।

प्रश्न 7. सन् 1977 का आय चुनाव विपक्ष ने किस नारे पर लड़ा था?

**उत्तर –** 'लोकतंत्र बचाओं' के नारे पर।

प्रश्न 8. स्वतन्त्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में श्रममंत्री कौन थे?

**उत्तर –** जग जीवन राम।

प्रश्न 9. 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' का नारा किसने दिया?

**उत्तर –** देवकाल बरूआ ने।

प्रश्न 10. 1977 के आम चुनावों के समय किस नए दल का जन्म हुआ?

**उत्तर –** जनता पार्टी।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 11. केशवानंद भारती मुकदमे का निर्णय कब हुआ ?

**उत्तर** – 1973 में।

प्रश्न 12. आपात काल की अवधि कब तक रही ?

**उत्तर** – 1975 से 1977 तक।

प्रश्न 13. आपातकाल के विरोध का प्रतीक कौन बन गया था?

**उत्तर** – जय प्रकाश नारायण।

प्रश्न 14. 1980 के मध्यावधि चुनाव क्यो करवाने पड़े?

**उत्तर** – जनता पार्टी की सरकार की अक्षमता एवं अस्थिरता के कारण।

प्रश्न 15. किस हिन्दी लेखक ने आपातकाल के विरोध में पद्मश्री की पदवीं लौटा दी?

**उत्तर** – फणीश्वरनाथ 'रेणु'

**लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये–**

प्रश्न 1. नागरिक स्वतंत्र से क्या आशय है।

**उत्तर** – नागरिक स्वतन्त्रता से आशय उस स्वतंत्रता से है जिसने व्यक्ति को अपने व्यक्त्वि के विकास के लिए साहूलियते दी जाती है।

प्रश्न 2. आपातकाल के दौरान जय प्रकाश नारायण की क्या भूमिका थी?

**उत्तर** – लोकनायक जय प्रकाश नारायण के सम्पूर्ण क्रान्ति का आव्हान किया था। उनके नेतृत्व में पीपुल्स फ्रंट ने गुजरात राज्य का चुनाव जीता। 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की जिसके अन्तर्गत जे.पी. सहित 600 से अधिक विरोधी नेताओं को बन्दी बनाया गया और प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गयी।

प्रश्न 3. नक्सलवादी आन्दोलन क्या है?

**उत्तर** – पश्चिम बंगाल के पर्वतीय जिले दार्जिलिंग के नक्सल बाड़ी पुलिस थाने के इलाके में 1967 में एक किसान विद्रोह उठ खड़ा हुआ इस विद्रोह की अगुवाई मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय कॉडर के लोग कर रहे थे। नक्सल बाड़ी पुलिस थाने से शुरू होने वाला यह आन्दोलन भारत के कई राज्यों में फैल गया। इस आन्दोलन को नक्सलवादी आन्दोलन के रूप में जाना जाता है।

प्रश्न 4. प्रतिबद्ध नौकरशाही क्या होती है?

**उत्तर** – प्रतिबद्ध नौकरशाही का तात्पर्य है कि जब लोकसेवक शासक दल तथा उसकी नीतियों के प्रति निष्ठावान बने रहे तो उसे प्रतिबद्ध नौकरशाही कहते है।

प्रश्न 5. गुजरात और बिहार के आन्दोलन राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह किसने और क्यों आयोजित किया?

**उत्तर** – यह जय प्रकाश नारायण द्वारा इंदिरा गांधी के इस्तीफे के लिए आयोजित किया गया था, उन्होने लोगो से 25 जून 1975 को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन द्वारा अवैध और अनैतिक आदेशों का पालन नही करने की अपील की। इन सभी में कांग्रेस के खिलाफ देश के राजनीतिक मूड को बदल दिया।

प्रश्न 6. 1975 में आपातकाल की घोषणा के परिणाामों का मूल्यांकन करे?

**उत्तर** – यह लोगो की नागरिक स्वतन्त्रता को प्रभावित करता है अर्थात् अप्रैल 1996 में यह साबित हो गया था कि सरकार सर्वोच्च न्यायलयों के अधीन उच्च न्यायालयों के फैसले के द्वारा नागरिको के जीवन और स्वतन्त्रता के अधिकार को छीन सकती है। संविधान में बदलाव की एक श्रृंखला लाने के लिए अगले–दूसरे संशोधन को भी पारित किया गया। इसने जन संचार माध्यमों के कामकाज को भी प्रभावित किया क्योंकि प्रेस सेंसरशिप हुई जिसने प्रेस और समाचार पत्रों की स्वतन्त्रता पर प्रतिबंध लगा दिया, जो किसी भी सामग्री का प्रकाशित करने से पहले पूर्व अनुमोदन के लिए माना जाता था। कई याचिका दायर करने के बावजूद सरकार ने दावा किया कि गिरफ्तार व्यक्तियों को आधार बताना जरूरी नही है।

CBFO BHINDER VALLABHANAGAR

# पाठ–16 : जन आंदोलनों का उदय

प्रश्न 1 चिपको आन्दोलन की शुरूआत किस राज्य से हुई ?

(अ) मध्यप्रदेश (ब) झारखण्ड (स) उत्तराखण्ड (द) इनमें से कोई नहीं (स)

प्रश्न 2 निम्न में से किस राज्य से ताड़ी विरोधी आन्दोलन का सम्बन्ध था ?

(अ) राजस्थान (ब) महाराष्ट्र (स) उत्तरप्रदेश (द) आन्ध्रप्रदेश (द)

प्रश्न 3 दलित पैंथर्स मूवमेंट कहाँ प्रारम्भ हुआ था ?

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) बिहार (स) उड़ीसा (द) महाराष्ट्र (द)

प्रश्न 4 सूचना अधिकार अधिनियम को राष्ट्रपति ने अपनी मंजूरी कब प्रदान की ?

(अ) सन् 2005 में (ब) सन् 2006 में (स) सन् 2009 में (द) सन् 2011 में (अ)

प्रश्न 5 मत्स्य आखेट किस का विषय है ?

(अ) राज्य सूची का (ब) संघ सूची का

(स) राज्य एवं संघ सूची का (द) इनमें से किसी का नहीं (अ)

प्रश्न 6 जन आंदोलन क्या है ?

उत्तर – ऐसे आन्दोलन जो दलगत राजनीति से दूर एवं जन सामान्य के हित में चलाये जाते हैं, उन्हें जन आन्दोलन कहा जाता है।

प्रश्न 7 चिपको आन्दोलन की शुरूआत कब और कहाँ से हुई ?

उत्तर – चिपको आन्दोलन की शुरूआत 1973 में मौजूदा उत्तराखंड के दो–तीन गाँवों से हुई।

प्रश्न 8 चिपको आन्दोलन में लोगों ने विरोध जताने की कौनसी नयी तरकीब अपनाई ?

उत्तर – लोगों ने पेड़ों को अपनी बाँहों में घेर लिया ताकि उन्हें कटने से बचाया जा सके।

प्रश्न 9 कौनसा आन्दोलन देश के विभिन्न भागों में उठे अनेक आंदोलनों का प्रतीक बना ?

उत्तर – चिपको आन्दोलन।

प्रश्न10 बीसवीं सदी के शुरूआती दशकों में कौनसे स्वतंत्र सामाजिक आंदोलनों का उदय हुआ ?

उत्तर – जाति प्रथा विरोधी आंदोलन, किसान सभा आंदोलन, मजदूर संगठनों के आन्दोलन।

प्रश्न11 मार्क्सवादी–लेलिनवादी समूहों को किस नाम से जाना गया ?

उत्तर – नक्सलवादी।

प्रश्न12 देश ने आजादी के बाद विकास का कौनसा मॉडल अपनाया था ?

उत्तर – नियोजित विकास का मॉडल।

प्रश्न13 नियोजित विकास के मॉडल को अपनाने के क्या लक्ष्य थे ?

उत्तर – आर्थिक संवृद्धि और आय का समतापूर्ण बँटवारा।

प्रश्न14 स्वयंसेवी संगठनों को वर्तमान में धनराशी कहाँ से प्राप्त होती है ?

उत्तर – विदेशों से।

प्रश्न15 "नामदेव ढ़साल" किस भाषा के प्रसिद्ध कवि थे ?

उत्तर – मराठी भाषा के।

प्रश्न16 "नामदेव ढ़साल" की कविता में आए "अँधेरे की पदयात्रा" और "सूरजमुखी आशीशों वाला फकीर" के क्या अर्थ है ?

उत्तर– "अँधेरे की पदयात्रा" से दलित समुदाय की ओर संकेत किया गया है और "सूरजमंखी आशीशों वाला फकीर" से इस समुदाय के मुक्तिदाता डॉ. अंबेडकर को इंगित किया गया है।

प्रश्न17 "दलित पैंथर्स " की प्रमुख माँगें क्या थी ?

उत्तर – आरक्षण के कानून तथा सामाजिक न्याय की नीतियों का कारगर क्रियान्वयन इनकी प्रमुख माँगें थी।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 18 दलित पैंथर्स का विचारधारात्मक एजेंडा क्या था ?

उत्तर – दलित पैंथर्स का विचारधारात्मक एजेंडा जाति प्रथा को समाप्त करना तथा भूमिहीन गरीब किसान, शहरी औद्योगिक मजदूर और दलित सहित सारे वंचित वर्गों का एक संगठन खड़ा करना था।

प्रश्न 19 दलितों पर हो रहे अत्याचार को रोकने से संबंधित कानून कब बनाया गया ?

उत्तर – 1989 में।

प्रश्न 20 दलित पैंथर्स की अवनति से उत्पन्न रिक्त स्थान की पूर्ति किस संगठन ने की ?

उत्तर – बामसेफ ने की।

प्रश्न 21 "बामसेफ" का अर्थ बताइए ?

उत्तर – बैकवर्ड एंड माइनॉरिटी एम्पलाईज फेडरेशन।

प्रश्न 22 बीकेयू का अर्थ बताइए ?

उत्तर – भारतीय किसान यूनियन।

प्रश्न 23 हरित क्रांति की नीति के कारण 1960 के दशक के अंतिम सालों में किन राज्यों के किसानों को फायदा होना शुरू हो गया था?

उत्तर – हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश।

प्रश्न 24 हरित क्रांति के बाद कौनसी दो फसलें मुख्य नकदी फसलें बनी ?

उत्तर – गन्ना और गेहूँ।

प्रश्न 25 बीकेयू के अध्यक्ष कौन थे ?

उत्तर – महेन्द्र सिंह टिकैत।

प्रश्न 26 शेतकारी संगठन किस राज्य से संबंधित है ?

उत्तर – महाराष्ट्र।

प्रश्न 27 शेतकारी संगठन ने 1980 के किसानों के आन्दोलन के बारे में क्या कहा था ?

उत्तर – शेतकारी संगठन ने किसानों के आंदोलन को 'इंडिया' की ताकतों (यानी भाहरी औद्योगिक क्षेत्र) के खिलाफ 'भारत' (यानी ग्रामीण कृषि क्षेत्र) का संग्राम करार दिया।

प्रश्न 28 बीकेयू ने जातिगत समुदायों को आर्थिक मसले पर एकजुट करने के लिए किस परंपरागत संस्था का उपयोग किया था ?

उत्तर – 'जाति–पंचायत' की परंपरागत संस्था का उपयोग किया था।

प्रश्न 29 कर्नाटक और महाराष्ट्र के किसान संगठनों के नाम बताइए ?

उत्तर – कर्नाटक का रैयत संघ और महाराष्ट्र का शेतकारी संगठन।

प्रश्न 30 मछुआरों की संख्या के आधार पर भारत का विश्व में कौनसा स्थान है?

उत्तर – मछुआरों की संख्या के आधार पर भारत का विश्व में दूसरा स्थान है।

प्रश्न 31 सरकार ने मछली मारने के लिए किन प्रौद्योगिकीयों के उपयोग की अनुमति दी ?

उत्तर – मशीनीकृत मत्स्य–आखेट और बॉटम ट्राऊलिंग।

प्रश्न 32 1980 के दशक में मछुआरों ने कौनसा राष्ट्रीय मंच बनाया? उसका पूरा नाम लिखिए।

उत्तर – एन. एफ. एफ. (नेशनल फिशवर्कर्स फोरम)

प्रश्न 33 ताड़ी विरोधी आन्दोलन क्या था ?

उत्तर – आन्ध्र प्रदेश के नैल्लोर जिले में ग्रामीण महिलाओं ने शराब के खिलाफ लड़ाई छेड़ रखी थी। यह लड़ाई शराब माफिया और सरकार दोनों के खिलाफ थी। इस आन्दोलन को ताड़ी विरोधी आन्दोलन के रूप में जाना जाता है।

प्रश्न 34 ताड़ी विरोधी आन्दोलन का नारा क्या था ?

उत्तर – ताड़ी की बिक्री बंद करो।



CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

प्रश्न 35 कौनसे संविधान संशोधनों द्वारा महिलाओं को स्थानीय निकायों में आरक्षण दिया गया ?

उत्तर – 73 वें और 74 वें संविधान संशोधनों द्वारा ।

प्रश्न 36 सरदार सरोवर परियोजना को कब और कहाँ प्रारम्भ किया गया था ?

उत्तर – 1980 दशक के प्रारम्भ में सरदार सरोवर परियोजना को नर्मदा घाटी में प्रारम्भ किया गया था।

प्रश्न 37 नर्मदा नदी पर गुजरात और मध्य प्रदेश में किन बहुउद्येशीय परियोजनाओं का निर्धारण किया गया ?

उत्तर – गुजरात में सरदार सरोवर और मध्य प्रदेश में नर्मदा सागर बाँध परियोजनाओं का निर्धारण किया गया।

प्रश्न 38 नर्मदा बचाओ आंदोलन के प्रमुख नेता का नाम बताइए।

उत्तर – मेधा पाटकर।

प्रश्न 39 नर्मदा घाटी में बाँधों के निर्माण से कितने गाँवों के डूब क्षैत्र में आने और कितने लोगों के पुनर्वास का मुद्दा आंदोलन में उठाया गया ?

उत्तर – 245 गाँवों के डूब क्षैत्र में आने और करीब ढाई लाख लोगों के पुनर्वास का मुद्दा आंदोलन में उठाया गया।

प्रश्न 40 MKSS का पूरा नाम लिखिए।

उत्तर – मजदूर किसान शक्ति संगठन।

प्रश्न 41 सूचना के अधिकार आंदोलन की शुरूआत कब और कहाँ से हुई ?

उत्तर – सूचना के अधिकार आंदोलन की शुरूआत 1990 में राजस्थान की भीम तहसील से हुई।

प्रश्न 42 चिपको आन्दोलन का जन्म किन कारणों से हुआ ?

उत्तर – उत्तराखण्ड के कुछ गाँव वालों ने वन विभाग से कहा कि खेती–बाड़ी के औजार बनाने के लिए उन्हें अंगूर के पेड़ काटने की अनुमति दी जाए। वन विभाग ने अनुमति देने से इनकार कर दिया मगर वन विभाग ने खेल सामग्री के एक विनिर्माता को जमीन का यही टुकड़ा व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए आवंटित कर दिया।इससे गाँव वालों में रोष पैदा हो गया उन्होने सरकार के इस कदम का विरोध किया। गाँव वालों ने पेड़ों को अपनी बाँहों में घेर लिया ताकि उन्हें कटने से बचाया जा सके और यही विरोध चिपको आन्दोलन के नाम से विश्वप्रसिद्ध हुआ।

प्रश्न 43 चिपको आन्दोलन की मुख्य माँग क्या थी ?

उत्तर – चिपको आन्दोलन की मुख्य माँग थी कि जंगल की कटाई का कोई भी ठेका बाहरी व्यक्ति को नहीं दिया जाना चाहिए तथा स्थानीय लोगों का जल, जमीन, जंगल जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर कारगर नियंत्रण होना चाहिए।

प्रश्न 44 दलित पैंथर्स ने किन वजहों से जन कार्यवाही का रास्ता अपनाया ?

उत्तर – दलित पैंथर्स ने निम्न वजहों से जन कार्यवाही का रास्ता अपनाया।

1. दलित हितों की दावेदारी
2. जाति आधारित असमानता और भौतिक साधनों के मामले में हो रहे अन्याय
3. आरक्षण के कानून तथा सामाजिक न्याय जैसी नीतियों का कारगर क्रियान्वयन नहीं होना
4. छुआछूत की प्रथा

आदि कारणों से दलित पैंथर्स का उदय हुआ।

प्रश्न 45 भारतीय किसान यूनियन के उदय के कारण बताइए ?

उत्तर – सन् 1988 में मेरठ में लगभग 20000 किसान एकत्र हुए थे। ये लोग बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी का विरोध कर रहे थे। उन्होने तीन सप्ताह तक जिला कार्यालय पर धरना दिया। इसके बाद इनकी माँग मान ली गई। किसानों का यह बड़ा अनुशासित धरना था और जिन दिनों वे धरने पर बैठे थे उन दिनों आस–पास के गाँवों से उन्हें निरंतर राशन–पानी मिलता रहा। मेरठ का यह धरना किसानों की शक्ति का एक बड़ा प्रदर्शन माना गया। धरने पर बैठे किसान, भारतीय किसान यूनियन के सदस्य थे। बीकेयू पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किसानों का एक संगठन था।

प्रश्न 46 भारतीय किसान यूनियन की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।

उत्तर – भारतीय किसान यूनियन की दो प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित है।

1. भारतीय किसान यूनियन ने अपनी माँगें मनवाने के लिए रैली, धरना, प्रदर्शन एवं जेल भरो आन्दोलन का सहारा लिया।

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR

2. जातिगत समुदायों को आर्थिक मसलों पर एकजुट करने के लिए 'जाति पंचायत' जैसी परंपरागत संस्था का उपयोग किया।

प्रश्न 47 भारतीय किसान यूनियन की प्रमुख माँगें क्या थी ?

उत्तर – भारतीय किसान यूनियन ने गन्ने और गेहूँ के सरकारी खरीद मूल्य में बढ़ोतरी करने, कृषि उत्पादों के अंतर्राज्यीय आवाजाही पर लगी पाबंदियाँ हटाने, समुचित दर पर गारंटीशुदा बिजली आपूर्ति करने, किसानों के बकाया कर्ज माफ करने तथा किसानों के लिए पेंशन का प्रावधान करने की माँग की।

प्रश्न 48 ताड़ी विरोधी आंदोलन महिला आंदोलन का हिस्सा कैसे बना ?

उत्तर – वर्ष 1992 में आंध्रप्रदेश के गांवों में महिलाओं ने ताड़ी अर्थात् शराब के विरूद्ध लड़ाई छेड़ रखी थी। इस आन्दोलन ने जब वृहद रूप ले लिया तो यह महिला आंदोलन का हिस्सा बन गया क्योंकि–

1. ताड़ी विरोधी आन्दोलन महिलाओं का एक स्व–स्फूर्त आन्दोलन था। ये अपने आस–पड़ोस में शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने की माँग कर रही थी।
2. यह ताड़ी विरोध के साथ–साथ घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थानों पर यौन–उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन बन गया जो कि महिला आंदोलन के मुख्य मुद्दे थे।
3. इन्होने लैंगिक समानता के सिद्धांत पर आधारित व्यक्तिगत एवं संपत्ति कानूनों की माँग की।
4. इसमें समान राजनीतिक प्रतिनिधित्व की बात होने लगी।

इस प्रकार ताड़ी विरोधी आन्दोलन महिला आन्दोलन का एक हिस्सा बन गया।

प्रश्न 49 बाँध समर्थकों का सरदार सरोवर परियोजना के बारे में क्या कहना था ?

उत्तर – नर्मदा पर बाँध के निर्माण से गुजरात के एक बहुत बड़े हिस्से सहित तीन पड़ोसी राज्यों में पीने का पानी, सिंचाई, विद्युत उत्पादन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी और कृषि उपज में वृद्धि होगी। बाँध निर्माण से बाढ़ व सूखे की आपदाओं पर रोक लगाई जा सकेगी।

प्रश्न 50 नर्मदा बचाओ आन्दोलन की किन्हीं दो प्रमुख माँगों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर – नर्मदा बचाओ आन्दोलन की दो प्रमुख माँगें निम्न है।

1. आन्दोलन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित सभी लोगों के समुचित पुनर्वास की माँग करता है।
2. आन्दोलन ऐसी परियोजनाओं की निर्णय प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों की भागीदारी की माँग करता है और जल, जमीन व जंगल पर इन समुदायों का प्रभावी नियंत्रण भी चाहता है।

प्रश्न 51 नर्मदा बचाओ आन्दोलन के पक्ष और विपक्ष में कोई दो–दो तर्क दीजिए।

उत्तर – **नर्मदा बचाओ आन्दोलन के पक्ष में तर्क–**

1. बाँध के निर्माण से संबंधित राज्यों के 245 गाँव डूबने की आ" ंका थी। इससे ढ़ाई लाख लोग निर्वासित हो सकते थे।
2. इस प्रकार की परियोजनाओं का लोगों के स्वास्थ्य, आजीविका, संस्कृति और पर्यावरण पर कुप्रभाव पड़ता है।

**नर्मदा बचाओ आन्दोलन के विपक्ष में तर्क–**

1. नर्मदा पर बाँध के निर्माण से गुजरात के एक बहुत बड़े हिस्से सहित तीन पड़ोसी राज्यों में पीने का पानी, सिंचाई, विद्युत उत्पादन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी और कृषि उपज में वृद्धि होगी।
2. बाँध निर्माण से बाढ़ व सूखे की आपदाओं पर रोक लगाई जा सकेगी।

प्रश्न 52 सरदार सरोवर परियोजना क्या है ?

उत्तर – सरदार सरोवर परियोजना के तहत नर्मदा नदी पर एक बहु–उद्धेशीय विशाल बाँध बनाने का प्रस्ताव है। इसका केन्द्र गुजरात है। इस बाँध के निर्माण से गुजरात के एक बहुत बड़े भाग तथा तीन पड़ोसी राज्यों में पीने के पानी, सिंचाई और बिजली के उत्पादन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रश्न 53 सरदार सरोवर परियोजना से मिलने वाले लाभ बताइए ?

उत्तर – सरदार सरोवर परियोजना से मिलने वाले लाभ निम्न है।

1. बाढ़ तथा सूखे की आपदाओं पर नियंत्रण।

2. सिंचाई सुविधा तथा बिजली उत्पादन से कृषि की उपज में गुणात्मक बढ़ोतरी।

प्रश्न 54 जन आंदोलनों के लाभों का वर्णन कीजिए?

उत्तर – जन आंदोलनों से होने वाले लाभ।

1. लोकप्रिय आंदोलन लोकतांत्रिक राजनीति की प्रकृति समझने में मदद करता है।
2. लोकप्रिय आंदोलन विभिन्न समूहों और उनकी माँगों को रखने का बेहतर माध्यम है।
3. लोकप्रिय आंदोलन समाज के गहरे तनावों और जनता के क्षोभ को एक सार्थक दिशा देता है जिससे लोकतंत्र की रक्षा होती है।
4. जन आंदोलनों ने भारतीय लोकतंत्र के जनाधार को बढ़ाया है।

प्रश्न 55 जन आंदोलनों की हानियों का वर्णन कीजिए ?

उत्तर – जन आंदोलनों से होने वाली हानियाँ।

1. लोकतंत्र की दिनचर्या को अस्थिर करते हैं।
2. रैलियाँ सरकार की कार्यप्रणाली को प्रभावित करती है।
3. निर्णय प्रक्रिया बाधित होती है।

प्रश्न 56 नर्मदा बचाओं आन्दोलन के बारे में आप क्या जानते हैं।

उत्तर – प्रश्न सं. 35,36,37,38,51,52,53,54 के उत्तर।

## पाठ–17 : क्षेत्रीय आकांक्षाएँ

प्रश्न 1 किस दशक को स्वायतता की मांग के दशक के रूप में देखा गया ।

उत्तर – 1980

प्रश्न 2 विविधता के सवाल पर भारत ने कौनसा दृष्टिकोण अपनाया।

उत्तर – लोकतांत्रिक दृष्टिकोण ।

प्रश्न 3 भारत व पाकिस्तान के मध्य विवाद का सबसे प्रभावी मुद्दा कौन सा है ?

उत्तर – कश्मीर का मुद्दा ।

प्रश्न 4 सबसे पहले किन राज्यों में भारत से अलग होने की मांग करते हुए जोरदार आंदोलन चलायें।

उत्तर – नागालैंड और मिजोरम ।

प्रश्न 5 पंजाब व हरियाणा राज्य का निर्माण कब हुआ।

उत्तर – 1966

प्रश्न 6 धारा 370 का संबंध किस राज्य से था?

उत्तर – जम्मु और कश्मीर

प्रश्न 7 1947से पहले जम्मु कश्मीर के शासक कौन थे ।

उत्तर – हरि सिंह ।

प्रश्न 8 नेशनल कान्फ्रेस का जन आंदोलन किस के नेतृत्व में चलाया गया ?

उत्तर – शेख अब्दुल्ला प्रश्न

प्रश्न 9 भारतीय भू–भाग के किस क्षैत्र को सात बहनों के नाम से जाना जाता है ।

उत्तर – पूर्वात्तर के सात राज्यों को ।

प्रश्न 10 भारतीय भू–भाग के किस क्षैत्र को सात बहनों के नाम से जाना जाता है ।

उत्तर – पूर्वात्तर के सात राज्यों को।

प्रश्न 11 अक्टुबर 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर मे कब्जा करने के लिए किसे भेजा ।

उत्तर – कबायली घुसपैठ ।

प्रश्न 12 नेशनल कान्फ्रेस कैसा संगठन था ।

उत्तर – धर्मनिरपेक्ष।

प्रश्न 13 जम्मू कश्मीर के प्रथम प्रधानमंत्री कौन बने।

उत्तर – शेख अब्दुला।

प्रश्न 14 1989 में जम्मू कश्मीर में किन ताकतों का बोलबाला था।

CREO BHINDER & VALLABHANAGAR

उत्तर – अलगाववादी ताकतों का।
प्रश्न 15 द्रवीड ओंदोलन उका लोकप्रिय नारा क्या था ।
उत्तर – उत्तर हर दिन बढता जाय दक्षिण दिन दिन घटता जाए।
प्रश्न 16 डीएमके के संस्थापक कौन थे।
उत्तर – सी अन्नादुरै।
प्रश्न 17 डीएमके किस राज्य में सक्रिय है।
उत्तर – तमिलनाडु।
प्रश्न 18 'पेरियार'के नाम से दक्षिणा भारत के किस नेता को जाना जाता है?
उत्तर – ई.वी.रामास्वामी नायकर।
प्रश्न 19 आसु (AASU) का पूरा नाम बताइये।
उत्तर – ऑल असम स्टुडेन्ट युनियन।
प्रश्न 20 2 जुन 2014 को कौनसा नया राज्य बना।
उत्तर – तैलगांना।
प्रश्न 21 इंदिरा गांधी की हत्या कब हुई।
उत्तर – 31 अक्टुबर 1984।
प्रश्न 22 भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन ब्लुस्टार कब चलाया गया था।
उत्तर – जुन 1984।
प्रश्न 23 असम को बांटकर किन प्रदेशो को बनाया गया।
उत्तर – मेघालय, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश।
प्रश्न 24 लालडेगाा किस दल के नेता थे।
उत्तर – मिजा नेशनल फ्रंट।
प्रश्न 25 सिक्किम विधानसभा के लिए पहला लोकतांत्रिक चुनाव कब हुआा।
उत्तर – 1974
प्रश्न 26 अंगमी जापु फिजो किस की आजादी के आंदोलन के नेता थे।
उत्तर – नागालैंड।
प्रश्न 27 जम्मु कश्मीर में कौनसे तीन राजनीतिक क्षेत्र शामिल है।
उत्तर – जम्मु, कश्मीर, लदाख।
प्रश्न 28 अकाली दल किस राज्य से संबंधित है।
उत्तर – पंजाब।
प्रश्न 29 गोवा दमन और दीव पुर्तगाल से कब स्वतंत्र हुए ।
उत्तर – दिसम्बर 1961
प्रश्न 30 डीएमके ने किस भाषा का विरोध किया।
उत्तर – हिन्दी ।
प्रश्न 31 विविधता की चुनौती से निपटने के लिए क्या किया गया था ।
उत्तर – अंदरूनी सीमा रेखाओं का पुनर्निधारण किया गया ।
प्रश्न 32 राजीव गांधी लोंगावाल समझौते के किसी एक सहमति के बिन्दु का उल्लेख कीजिए ।
उत्तर – चंडीगढ पंजाब को दे दिया जाएगा तथा पंजाब हरियाणा सीमा विवाद सुलझाने के लिए एक अलग आयोग बनेगा।
प्रश्न 33 आनंदपुर साहिबा प्रस्ताव कब पास किया गया और इसका संबंध किसके साथ है ।
उत्तर – 1973 में पास किया गया इसका संबंध राज्योंकी स्वयत्ता से है ।
प्रश्न 34 क्षेत्रवाद को बढावा देने वाला कोई एक कारण बताइये ।
उत्तर – क्षेत्र का असन्तुलित आर्थिक विकास ।

**प्रश्न 35 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन ब्लू स्टार वर्ष ..........**1984**................. चलाया गया।
2. नागालैंड को राज्य का दर्जा .........**1963**........... में दिया गया।
3. सिखों की राजनीतिक भााखा के रूप में 1920 के द" ाक में ......**अकाली**.... दल का गठन किया गया।
4. गोवा .......**1987**........................में भारत संघ का पूर्ण कालीन राज्य बना।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

**लघुत्तरात्मक पश्न**

प्रश्न 36– क्षैत्रवाद के कोई चार कुप्रभाव लिखिए।

प्रश्न 37 – क्षैत्रवाद व पृथकतावाद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 38– ऑपरेशन ब्लू स्टार क्या था? इसने सिख समुदाय की भावनाओं को क्यों ठेस पहुचाई?

प्रश्न 39– पंजाब में सामान्य स्थिति बहाल करने में राजीव गांधी–लोंगेवाला समझौता कहा तक सफल रहा स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 40– असम आंदोलन सांस्कृतिक अभिमान और आर्थिक पिछडेपन की मिली–जुली अभिव्यक्ति था। स्पष्ट कीजिए

प्रश्न 41– भारत में क्षैत्रवाद उदय के चार कारण बताइये।

प्रश्न 42 – गोवा राज्य के भारत संघ में विलय पर टिप्पणी लिखिये।

प्रश्न 43 – द्रविड़ आंदोलन की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 44– भारतीय राजनीति में अलगांववादी आंदोलनों का वर्णन कीजिए।

## अध्याय– 18 भारतीय राजनीति : नए बदलाव

**वस्तुनिष्ठ–**

1. भारतीय राजनीति में दलीय व्यवस्था है–
   (अ) एक दलीय (ब) द्वि दलीय (स) बहु दलीय (द) इनमें से कोई नहीं (स)
2. निम्न में से कौन सा दल राष्ट्रीय राजनीतिक दल नहीं है–
   (अ) कांग्रेस (ब) भाजपा (स) बसपा (द) शिवसेना (द)
3. राजीव गाँधी की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री चुने गए–
   (अ) मोरार जी देसाई (ब) पी. वी. नरसिम्हा राव
   (स) वी. पी. सिंह (द) संजय गाँधी (ब)
4. निम्न में से किस राज्य में क्षेत्रीय दल अधिक प्रभावी है–
   (अ) तमिलनाडु (ब) राजस्थान (स) गुजरात (द) मध्यप्रदेश (अ)
5. 1984 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने कुल सीटों पर जीत हासिल की–
   (अ) 415 (ब) 315 (स) 303 (द) 272 (अ)
6. 17 वीं लोकसभा के चुनावों में भाजपा ने कुल सीटों पर जीत हासिल की–
   (अ) 415 (ब) 315 (स) 303 (द) 272 (स)
7. गठबंधन की राजनीति का दौर आरम्भ हुआ–
   (अ) 1989 से (ब) 1995 से (स) 2004 से (द) 2014 से (अ)
8. 1989 में राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार का नेतृत्व किया–
   (अ) अटल बिहारी वाजपेयी ने (ब) पी. वी. नरसिम्हा राव ने
   (स) वी. पी. सिंह ने (द) चन्द्रशेखर ने (स)
9. राजीव गाँधी की हत्या हुई थी–
   (अ) 1985 में (ब) 1988 में (स) 1989 में (द) 1991 में (द)
10. जनता पार्टी का गठन हुआ–
    (अ) 1972 में (ब) 1977 में (स) 1980 में (द) 1988 में (ब)
11. भारत के राजनीतिक दलो को मान्यता देने वाली संस्था है–
    (अ) संघ लोक सेवा आयोग (ब) संसद
    (स) निर्वाचन आयोग (द) न्यायपालिका (स)
12. बहुजन समाजवादी पार्टी के संस्थापक थे–
    (अ) कांशीराम (ब) मायावती (स) मुलायम सिंह (द) लालु प्रसाद (अ)

CBEO BHINDER VALLABHANAGAR

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

13. राजीव गाँधी की हत्या .............................. नामक संगठन ने की थी।
14. अन्य पिछड़ा वर्ग से सरोकार रखने वाले मण्डल आयोग के अध्यक्ष .............................. थे।
15. संसद में जब किसी भी दल को बहुमत प्राप्त न हो तो ऐसी संसद को .............................. कहते हैं।
16. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ''राजग'' का गठन सन् .............................. में हुआ था।
17. संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ''संप्रग'' का गठन सन् .............................. में हुआ था।
18. लोक सभा चुनाव 2019 में .............................................. को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है।

( लिट्टे, बी. पी. मण्डल, त्रिशंकु संसद, 1999, 2004, भारतीय जनता पार्टी)

**अति लघुत्तरात्मक–**

19. किन्ही चार क्षैत्रीय दलों के नाम लिखिये।

उ.– 1. D.M.K 2. A.I.D.M.K. 3. अकाली दल 4. तेलगुदेशम

20. गठबंधन की राजनीति का क्या अर्थ है ?

उ.– गठबंधन की राजनीति का अर्थ एक से अधिक कई दलों द्वारा मिलकर एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार बनाने से है।

21. वैचारिक प्रतिबद्धता से क्या अभिप्राय है ?

उ.– वैचारिक प्रतिबद्धता से अभिप्राय है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों का अपनी पार्टी की आर्थिक व राजनैतिक विचारधाराओं के प्रति प्रतिबद्ध होना।

22. राजनीतिक दलों के दो कार्य लिखिये।

उ.– 1. जनता में राजनैतिक चेतना का प्रसार करना व 2. शासन सत्ता को मर्यादित करना।

23. वर्तमान राजनीतिक दलीय व्यवस्था की उभरती हुई दो प्रवृत्तियाँ लिखिये।

उ.– 1. जाति आधारित राजनीतिक दलों का गठन व 2. राजनीतिक अपराधीकरण।

24. राजनीतिक दलों के ध्रुवीकरण में प्रमुख बाधक तत्व क्या है ?

उ.– विभिन्न राजनीतिक दलों में विचारधाराओं की भिन्नता होना।

25. भारत में दलीय व्यवस्था की कोई दो समस्याएँ बताइये ?

उ.– 1. राजनीतिक दलो मे वैचारिक प्रतिबद्धता का अभाव होना व 2. दलों में आन्तरिक लोकतंत्र का भी अभाव होना।

26. गठबंधनवादी राजनीति की प्रमुख समस्या क्या है ?

उ.– गठबंधनवादी राजनीति में क्षैत्रीय पार्टियाँ राजनैतिक सौदेबाजी तथा अवसरवादिता की राजनीति करती है।

27. कांग्रेस प्रणाली के अन्त से क्या अभिप्राय है ?

उ.– आजादी के बाद से ही भारतीय राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाने वाली कांग्रेस का प्रभुत्व 1989 के बाद समाप्त हो गया।

28. गठबंधन की राजनीति की कोई दो विशेषताएँ बताइये?

उ.– 1. गठबंधन करने वाले दलों में किसी एक दल की प्रधानता रही है एवं 2. गठबंधन में विचारधारात्मक समानता का अभाव है।

**लघुत्तरात्मक एवं दीर्घ उत्तरात्मक–**

29. मण्डल मुद्दा से आप क्या समझते हैं ?

उ.– वी. पी. सिंह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने 1990 में मण्डल आयोग की सिफारिशों को लागु किया। इसके तहत केन्द्र सरकार की नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने का प्रावधान था। इसके विरोध में देश के विभिन्न भागों में हिंसक प्रदर्शन हुए और कुछ लोगों ने आत्मदाह भी कर लिया था। अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के समर्थक और विरोधियों के बीच के इस विवाद को मण्डल मुद्दा कहा जाता है।

30. मण्डल आयोग की सिफारिशों को लागु करने का समाज और राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ा ?

उ.– मण्डल आयोग की सिफारिशों को लागु करने से अन्य पिछड़ा वर्ग को सरकारी नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे पर व्यापक बहस हुई। इसमें सम्मिलित जातियों में जागृति का संचार हुआ और वे लामबंद हुए। इनका समर्थन करने वाले राजनीतिक दलों को इसका फायदा भी मिला। इससे रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग को बेहतर अवसर उपलब्ध हुये।

CBEO BHINDER & VALLABHANAGAR

31. मण्डल मुद्दा क्या है ? मण्डल आयोग की सिफारिशों को लागु करने का समाज और राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ा ?

उ.– प्रश्न सं. 29 व 30 का उत्तर।

32. गठबंधन सरकार के पक्ष में दो तर्क दीजिए।

उ.–1. क्षैत्रीय संतुलन स्थापित करने में सहायक एवं 2. विभिन्न पक्षों का सरकार में प्रतिनिधित्व होना।

33. गठबंधन सरकार के विपक्ष में दो तर्क दीजिए।

उ.–1. राजनीतिक अस्थिरता एवं 2. सरकार की नीतियों में दृढ़ता का अभाव रहता है।

34. गठबंधन सरकार के पक्ष और विपक्ष मे दो–दो तर्क दीजिए।

उ.– प्रश्न सं. 32 व 33 का उत्तर।

35. राजनीतिक दलों में आन्तरिक लोकतन्त्र के अभाव से आप क्या समझते हैं ?

उ.–हमारे देश के अधिकांश राजनीतिक दलों में आन्तरिक लोकतन्त्र का अभाव है। जिसे निम्न तथ्यों के आधार पर समझ सकते हैं–

1. 1997 तक अधिकांश राजनीतिक दलों में लम्बे समय से संगठनात्मक चुनाव नही हुए। 1997 में चुनाव आयोग के निर्देश पर ही ये चुनाव हो सके।

2. अधिकांश भारतीय राजनीतिक दलों का निर्माण किन्ही प्रक्रियाओं, मर्यादाओं, सिद्धान्तों या कानूनों के आधार पर नही होता।

3. अधिकांश भारतीय राजनीतिक दलों के आय–व्यय का कोई लेखा–जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत नही किया जाता है।

36. भारत में वामपंथी व दक्षिण पंथी राजनीतिक दलों का उल्लेख करते हुए उनकी विचारधारा में कोई दो अन्तर बताइये।

उ.– वामपंथी विचारधारा वाले प्रमुख राष्ट्रीय दल– सी.पी.एम, सी.पी.आई, रिपब्लिक पार्टी, फारवर्ड ब्लॉक।

दक्षिणपंथी विचारधारा वाले प्रमुख राष्ट्रीय दल– भारतीय जनता पार्टी

वामपंथी व दक्षिण पंथी राजनीतिक दलों की विचारधाराओं में अन्तर–

1. वामपंथी दल धर्म निरपेक्षता, सामाजिक व आर्थिक न्याय, राष्ट्रीयकरण आदि का सर्मथन करते हैं, जबकी दक्षिणपंथी दल भारतीय संस्कृति, प्रबल राष्ट्रवाद, उदारीकरण, भूमण्डलीकरण की नीतियों का समर्थन करते हैं।

2. वामपंथी दल सार्वजनिक क्षैत्र के समर्थक हैं, जबकी दक्षिणपंथी दल निजी क्षैत्र के समर्थक हैं।

37. कांग्रेस के प्रभुत्व का दौर समाप्त हो गया है। इसके बावजुद देश की राजनीति पर कांग्रेस का असर लगातार कायम है। क्या आप इस बात से सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

उ.–देश की राजनीति में यद्यपि कांग्रेस का प्रभुत्व समाप्त हो गया है। परन्तु अभी भी कांग्रेस का असर कायम है। क्योंकि अब भी भारतीय राजनीति कांग्रेस के इर्दगिर्द घूम रही है तथा सभी राजनीतिक दल अपनी नीतियां एवं योजनाएं कांग्रेस को ध्यान में रख कर ही बनाते हैं। जुलाई 2007 में हुए राष्ट्रपति के चुनाव में भी इस दल की महत्वपुर्ण भूमिका रही थी। 2009 के आम चुनावों में पहले से काफी अधिक सीटों पर जीत प्राप्त कर गठबंधन सरकार बनाई। 2014 व 2019 के आम चुनावो में यद्यपि उसे क्रमशः 44 व 52 सीटें ही प्राप्त हुई किन्तु मत प्रतिशत में ज्यादा अन्तर नही आया। अतः कहा जा सकता हैं कि कमजोर होने के बावजुद भी कांग्रेस का असर भारतीय राजनीति पर कायम है।

———

CBEO BHINDER & VALLABHNAGAR